# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 6 अप्रैल 2024



Advt.

# शिवजी ने कहा हे मां दुर्गा, करोड़ों परमात्माओं व किसी भी धर्म में ऐसा कोई परमात्मा नहीं जिसने आपकी तरह सूर्य, चंद्रमा व सारे संसार को पैदा किया हे मां दुर्गा, इस संसार में आप अकेले ही सभी को अथाह धन-लक्ष्मी, सुख-शांति, विद्या, यश-कीर्ति प्रदान करने वाली हो

## श्रीराम-मां दुर्गा के इस पाठ से करोड़ों लोग हो गए दुखों, रोगों से मुक्त, विश्व के डाक्टर-वैज्ञानिक आश्चर्यचकित

## भगवान श्रीराम-मां दुर्गा के इस दिव्य उत्कील पाठ से बढ़कर इस जगत में न कुछ था न है और न ही कभी होगा

## भगवान शिव ने कहा, आदिकाल से ही यह पाठ इस चराचर जगत को केवल महाब्रह्मर्षि जी ही प्रदान करते आए हैं

## समागम में महाब्रह्मर्षि जी यह अत्यंत गोपनीय पाठ सभी को नि:शुल्क प्रदान करेंगे जिससे उसी पल होगा आप सबके दुखों रोगों का अंत

**6-7 अप्रैल, प्रभु कृपा दुख निवारण समागम, सायं 4 बजे, मारुति मंगलम भवन, श्रीनगर रोड, गुढ़ियारी, रायपुर। समागम में सभी सादर आमंत्रित हैं।**

## राष्ट्रपति भवन में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी से महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी का अत्यंत गंभीर संवाद

**नई दिल्ली।** 4 मार्च 2024 को राष्ट्रपति भवन में महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी की भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से हुई भेंट बहुत महत्वपूर्ण रही। महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक प्रसिद्ध समाज कल्याण कार्यकर्ता रही हैं और उनका मानना भी यही है कि समाज उन्नत होगा तो देश उन्नत होगा।

महाब्रह्मर्षि ने महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी को भगवान श्रीराम व मां दुर्गा के अद्भुत रहस्यों से अवगत कराया। संसार के सबसे महान सर्जन सुश्रुत ने कहा है कि बिना दैवव्यपाश्रय के ज्ञान के कोई भी औषधि काम नहीं करती। संसार में इसका ज्ञान केवल महाब्रह्मर्षि को प्रदान किया गया है। महाब्रह्मर्षि ने जब दैवव्यापश्रय के इन रहस्यों को महामहिम राष्ट्रपति को बताया तो उनके आश्चर्य की सीमा न रही। महामहिम ने बड़े भक्ति भाव से महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी से आशीर्वाद ग्रहण किया। इस दौरान महाब्रह्मर्षि जी ने उनके द्वारा निर्मित दिव्यौषधि दैवव्यपाश्रय 'वी मिरेकल वाश' के अद्भुत परिणामों के बारे में महामहिम को जानकारी दी कि किस तरह इस औषधि से देश दुनिया की करोड़ों महिलाओं की यूटीआई की समस्या जड़ से समाप्त हो चुकी है। एलोपैथी, आयुर्वेदिक, यूनानी, होम्योपैथी सहित दुनिया की किसी भी पैथी में इसका कोई उपाय नहीं है, ऐसा महान सर्जन सुश्रुत का कथन है।



राष्ट्रपति भवन में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी के साथ महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी

### भगवान श्रीराम के दिव्य पाठ में है इन सभी भयंकर रोगों का समाधान

आधुनिक विज्ञान व WHO के अनुसार आजकल 90 प्रतिशत महिलाओं के बीच यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई) आम रोग बन चुका है। यह रोग अब जन्म से ही बच्चों में हो रहा है। इससे फंगल, बैक्टीरिया, वायरल से होने वाले सभी रोग जैसे कैंसर, स्किन के रोग, टयूबरक्लोसिस, हर्पीज, माइग्रेन, किडनी के रोग, पेट के रोग, ल्यूकोरिया, स्त्रियों में हार्मोन्स इम्बैलेंस, चेहरे में झुर्रियां आना, सिर के बाल झड़ जाना, कम उम्र में ही बुढ़ापा आना, मानसिक तनाव होना आदि भयानक लाइलाज रोग उत्पन्न हो रहे हैं। इससे बच्चों में किडनी फेल होने का खतरा भी बन जाता है। बुजुर्गों व युवाओं में यूटीआई से कैंसर, सेप्सिस, गुर्दे की विफलता एवं रक्त संक्रमण का खतरा अधिक हो रहा है। डाक्टरों का स्पष्ट कहना है कि आधुनिक विज्ञान, एलोपैथी में इसका कोई इलाज नहीं है। भगवान शिव का स्पष्ट कथन है कि इसका समाधान केवल भगवान श्रीराम के पाठ से महाब्रह्मर्षि द्वारा ही किया जा सकता है।

## जिसे दुनिया के डाक्टर-वैज्ञानिक हजारों वर्षों से नहीं खोज पाए महाब्रह्मर्षि जी ने भगवान श्रीराम के पाठ से 5 मिनट में कर दिया दुखों का अंत



**नई दिल्ली।** ब्रह्मा, विष्णु, महेश ने मां दुर्गा के चरणों में दंडवत प्रणाम करके कहा कि हे देवी, तुम सभी के दुख दूर करने वाली हो। जो भी तुम्हारा व श्रीराम का यह पाठ करता है तुम उसी पल उसके सभी दुखों, रोगों, कष्टों व समस्याओं का सदा के लिए अंत कर देती हो। इस संसार में केवल तुम ही सुख-शांति, विद्या, यश-कीर्ति, अथाह धन-संपत्ति प्रदान करने वाली हो। आपने ही इस चराचर जगत को उत्पन्न किया है। इस संसार में आप ही सबसे शक्तिशाली व भय से रक्षा करने वाली हो। भगवान श्रीराम व मां दुर्गा के पाठ से गरीब व्यक्ति महा अमीर व महा सुखी बन जाता है। इससे बढ़कर न कुछ था, न है और न ही होगा। भगवान शिव का साक्षात कथन है कि हे मां दुर्गे आपका यह उत्कील मंत्र केवल महाब्रह्मर्षि ही प्रदान कर सकते हैं। रायपुर समागम में भगवान श्रीराम व मां दुर्गा का यही उत्कील महामंत्र महाब्रह्मर्षि सभी को नि:शुल्क प्रदान करेंगे। सभी सादर आमंत्रित हैं।

22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम लला का पूजन करते महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी

# अनेक देशों के धर्माचार्यों, वैज्ञानिकों, डाक्टरों व विश्व के धर्म गुरुओं ने एकमत से स्वीकारा कि केवल भगवान श्रीराम के इस दिव्य उत्कील पाठ से होगी विश्व में शांति और सबके दुखों, कष्टों व समस्याओं का अंत, इससे करोड़ों लोग हो गए अपने दुखों, रोगों व कष्टों से मुक्त



अमेरिका के राष्ट्रपति श्री जो बाइडेन जी



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री श्री ऋषि सुनक जी



ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री श्री एंथोनी अल्बानीज जी



वर्ल्ड ह्यूमेनिटी पार्लियामेंट के अध्यक्ष महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी



180 करोड़ लोगों के पथ प्रदर्शक बहरीन साम्राज्य के किंग हमद बिन इसा अल खलीफा



240 करोड़ लोगों के मार्गदर्शक कैथोलिक धर्म गुरु पोप फ्रांसिस

## भारत के राष्ट्रपतियों ने भी स्वीकारा श्रीराम के पाठ की शक्ति को



राष्ट्रपति भवन में पू. राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी जी को महाब्रह्मर्षि जी वेद विज्ञान के रहस्य बताते हुए



पू. राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रपति भवन में अनेक विद्वानों की उपस्थिति में सम्मानित करते हुए


## मयखाना जी के पाठ से अनेक असाध्य बीमारियां जड़ से समाप्त



मेरा नाम पूनम है मैं कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश की रहने वाली हूं। जब मैं 17-18 साल की थी तभी से बीमारियों से घिर गई थी। मुझे 3-4 महीने में पीरियड आते थे। हारमोन की समस्या थी जिसके कारण मेरे चेहरे और शरीर पर बहुत सारे बाल थे। इसके लिए मैंने लेजर ट्रीटमेंट कराया पर कोई फायदा नहीं मिला। मुझे गठिया हो गया जिससे मेरे शरीर के जोड़ों में सूजन और दर्द रहने लगा। यहां तक कि परिवार वाले ही करवट बदलवाते थे। फिर लकवा के कारण चेहरा टेढ़ा हो गया, एक आंख की रोशनी चली गई। अगर कोई रोटी या चावल खाती तो एक कटोरी 1-2 घंटे में खा पाती थी। पानी या दूध, जैसे ही पीती, वह मेरे नाक से निकल जाता था। इसका इलाज डीएमसी लुधियाना, एम्स दिल्ली, एलएनजेपी हॉस्पिटल दिल्ली में चला। डाक्टरों ने ब्रेन का ऑपरेशन बताया। मैंने ऑपरेशन नहीं कराया। इसके बाद मैंने पूज्य गुरुदेव जी से श्री महाब्रह्म मयखाना का पाठ लिया और इसका निरंतर पाठ करने लगी जिससे मेरी बीमारियां कहां चली गई मुझे पता ही नहीं चला। मुझे अस्थमा भी था वो भी ठीक हो गया। पहले हमारे पास खाने तक के लिए पैसे नहीं होते थे। मयखाना के पाठ की कृपा से आज सब ठीक है।

## पूरे विश्व की 90 प्रतिशत बहनों को यूटीआई की भयंकर समस्या है जो सभी रोगों को पैदा करती है, जिसका दुनिया में कहीं कोई इलाज नहीं है

## गुरुजी ने अमेरिका आकर सभी स्त्रियों की समस्या को जड़ से समाप्त कर दिया



अमेरिका सरकार में हैड ऑफ प्रॉडक्ट कंटेंट ऑफिसर रीथिका ने बताया कि आधुनिक विज्ञान व WHO के अनुसार आजकल 100 प्रतिशत महिलाओं के बीच यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई) आम रोग बन चुका है। यह रोग अब 1-2 साल की लड़कियों को भी हो रहा है। इससे फंगल, बैक्टीरिया, वायरल से होने वाले सभी रोग जैसे कैंसर, स्किन के रोग, टयूबरक्लोसिस, हर्पीज, माइग्रेन, किडनी के रोग, पेट के रोग, ल्यूकोरिया, स्त्रियों में हार्मोन्स इम्बैलेंस, चेहरे में झुर्रियां आना, सिर के बाल झड़ जाना, कम उम्र में ही बुढ़ापा आना, मानसिक तनाव होना आदि भयानक लाइलाज रोग उत्पन्न हो रहे है। मैं पिछले 25 वर्षों से यूटीआई के रोग से ग्रसित थी। डाक्टरों ने स्पष्ट कह दिया है कि आधुनिक विज्ञान एलोपैथी मेडिसिन मैं इसका कोई इलाज नहीं है। चारों ओर से परेशान होने पर मैंने महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी द्वारा निर्मित दैवव्यपाश्रय 'वी मिरेकल वाश' औषधि का प्रयोग किया तो मेरा तथा अनेक बहनों का यह असाध्य रोग जड़ से समाप्त हो गया। यह देखकर दुनिया के डॉक्टर आश्चर्यचकित हो गए और सोचने लगे कि जिस बीमारी का इलाज दुनिया के किसी भी डाक्टर के पास नहीं है वह दैवव्यपाश्रय से कैसे ठीक हो गई। दुनिया के सभी देशों के लोग महाब्रह्मर्षि जी को अपने देश बुलाने के लिए सभी आतुर हो गए। मानवता के लिए महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी ने जो किया उसके सामने नोबेल प्राइज तो क्या दुनिया के सभी पुरस्कार छोटे हैं।

## आधी जीभ कटने के बाद भी जिंदा हूं श्रीराम के पाठ से अल्सरेटिव कोलाइटिस और भयंकर जीभ कैंसर से मिली मुक्ति



मेरा नाम पवन कुमार शर्मा है। मैं जयपुर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल सवाईमानसिंह चिकित्सालय से डायटीशियन के पद से 2021 में सेवानिवृत्त हुआ था। मुझे अल्सरेटिव कोलाइटिस हो गया था जो पाठ की कृपा से ठीक तो हो गया लेकिन 2006 में मुझे पुन: जीभ का कैंसर हो गया। मैं इस स्थिति से घबरा गया था क्योंकि इस रोग का परिणाम मृत्यु ही होता है। मैंने टाटा मैमोरियल कैंसर अस्पताल से इलाज करवाया। मेरी आधी जीभ काट दी गई और मेरी आयु केवल पांच वर्ष निर्धारित की गई। मैंने पूज्य गुरुदेव जी से भगवान श्रीराम का पाठ लिया और उसका जाप करता रहा। प्रभु कृपा से मैं कुछ ही समय में बिल्कुल ठीक हो गया। मैं सब कुछ खाने लगा और उच्चारण भी ठीक होने लगा। इतने वर्ष बीतने के बाद भी मैं कोई दवाई नहीं खाता और न कोई इलाज करवाता हूं। पाठ की कृपा से अल्सरेटिव कोलाइटिस और जीभ का कैंसर दोनों की ठीक हो गए। मैं बिल्कुल ठीक हूं और मस्त जीवन बिता रहा हूं।

## ब्रेन हैमरेज के बावजदू बच गई जान



**उज्जैन।** मेरा नाम रतन लाल है, मेरी पत्नी को ब्रेन हैमरेज के बाद डाक्टरों ने स्पष्ट कह दिया था कि यदि ये बच भी गईं तो इन्हें गंभीर लकवा हो सकता है। मैंने डाक्टरों के साथ साथ अनेक न्यूरोलॉजिस्टों से भी सलाह ली। हर तरफ से निराश होने के बाद मैंने सद्गुरुदेव जी द्वारा प्रदान किए गए भगवान श्रीराम के पाठ का जाप करना प्रारंभ कर दिया। पाठ की शक्ति से पत्नी के शरीर में अभूतपूर्व सुधार होने लगे। डाक्टर भी हैरान थे कि ब्रेन हैमरेज का मरीज इतनी जल्दी स्वस्थ कैसे हो गया? गुरुदेव जी द्वारा प्रदान किए गए पाठ की कृपा से पत्नी पूर्णत: स्वस्थ है और सामान्य जीवन व्यतीत कर रही है।


## ये आश्चर्य नहीं सत्य है, दुनिया के डाक्टर जिसे ठीक नहीं कर पाए दिव्यौषधि दैवव्यपाश्रय से 20 वर्ष पुराना भयानक कुष्ठ रोग ठीक



डा. जगदीप सिंह ओबराय MBBS, MD

मैं पीजीआई, चंडीगढ़ से सीनियर डरमैटोलॉजिस्ट हूं। विशेषज्ञ डरमैटोलॉजिस्ट होने के बावजूद मुझे करीब 20 साल से भयानक कुष्ठ रोग व एलर्जी थी। डैंड्रफ से मेरा रोग बढ़ते-बढ़ते सेबोरीक डर्मेटाइटिस हो गया और इसने बहुत ही भयानक रूप धारण कर लिया। मेरे पास इसका कोई इलाज नहीं था। इसके लिए मैं दुनिया के अनेक डाक्टरों से इलाज कराकर थक चुका था। फिर मैंने गुरुजी की शरण ली। गुरुजी ने मुझे दैवव्यपाश्रय तथा वी मिरेकल वाश का समाधान प्रदान किया। आप जानकर हैरान हो जाएंगे कि मेरा ऐसा भयानक रोग जिसे दुनिया के अनेक डाक्टर ठीक नहीं कर पाए वो केवल दैवव्यपाश्रय से कुछ मिनटों में सदा के लिए जड़ से समाप्त हो गया। मेरे लिए तो गुरुजी परमात्मा के समान हैं जो फ्री में समाधान करते हैं।

## भगवान श्रीराम के पाठ से वर्षों से अटका प्रमोशन हो गया



रायपुर, छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जिले में रहने वाले मनोहरलाल परमार जी का प्रमोशन कई वर्षों से अटका हुआ था। भारी योग्यता और लगन का प्रदर्शन करने के बाद भी इनका प्रमोशन बार-बार टल रहा था। इन्होंने परम पूज्य महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी से व्यक्तिगत भेंट द्वारा भगवान श्रीराम का दिव्य पाठ ग्रहण किया। श्री मनोहरलाल परमार के अनुसार इन्होंने नियमित रूप से सुबह शाम पाठ किया और इनका जीवन सुखद अनुभवों से गुजरने लगा। प्रभु की कृपा से इनका प्रमोशन हो गया और ये राजपत्रित अधिकारी बन गए। पाठ के प्रभाव से इनके बेटे की हैदराबाद में अच्छी नौकरी भी लग गई।

## जब तक स्त्रियां सुखी नहीं होंगी तब तक दुनिया में शांति आ ही नहीं सकती



**अमेरिका की मास्टर आफ साइंस डिग्री होल्डर भावना** ने बताया कि मैं पिछले 20 वर्षों से यूटीआई की समस्या से ग्रस्त थी। मैंने यहां अमेरिका में इसका बहुत इलाज कराया लेकिन कोई भी डाक्टर इसे ठीक नहीं कर पाया। महाब्रह्मर्षि जी ने इस लाइलाज रोग को दैवव्यपाश्रय 'वी मिरेकल वॉश' दिव्यौषधि द्वारा सदा के लिए समाप्त करके मानवता पर बहुत बड़ा उपकार किया है। मेरे साथ-साथ अनेक बहनों ने भी दैव व्यपाश्रय 'वी मिरेकल वॉश' का प्रयोग किया तो वे भी अपने इस भयंकर रोग से जड़ से मुक्त हो गईं। इस औषधि की अमेरिका में बहुत भारी डिमांड है। इसके आश्चर्यजनक परिणामों को देखकर संसार के सभी देशों के राष्ट्राध्यक्ष, नेता, वैज्ञानिक, डाक्टर्स, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, सभी धर्मों के धार्मिक धर्माधिकारियों ने एक मत से कहा कि यह महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी द्वारा पूरे विश्व को अनूठी देन है, जिसका दुनिया का कोई भी डाक्टर, वैज्ञानिक उपाय नहीं ढूंढ सका, उन भयंकर रोग व समस्याओं को सदा के लिए जड़ से समाप्त करके उन्होंने अपने देश का नाम गर्व से ऊंचा कर दिया। इसके लिए इन्हें भारत रत्न का सम्मान भी मिले तो वो भी कम होगा।

**सोशल मीडिया पर जाने के लिए QR कोड को स्कैन करें**

भगवान श्री लक्ष्मी नारायण धाम चैरिटेबल ट्रस्ट
सी-27, ग्रेटर कैलाश एन्क्लेव-1, नई दिल्ली।
हेल्पलाइन नंबर: 011-49945995







**बिलासपुर लोकसभा**

**कुल वोटर** 20 लाख 94 हजार 570

**पुरुष वोटर** 10 लाख 52 हजार 173

**महिला वोटर** 10 लाख 42 हजार 298

विकास चौबे ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में सबसे हाईप्रोफाइल सीटों में से एक बिलासपुर में जीत को लेकर कांग्रेस और भाजपा के उम्मीदवार इस कड़ी धूप में पसीना बहा रहे हैं। भाजपा उम्मीदवार तोखन साहू का कहना है कि बिलासपुर में कौन जीतेगा यह सवाल तो कभी रहा ही नहीं, जीत का अंतर कितने लाख वोटों का होगा बस इस पर ही बात होती है। भाजपा उम्मीदवार ने तो छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर पार्टी की जीत का दावा भी किया। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी की ओर से मैदान में उतरे देवेन्द्र यादव युवा टीम के भरोसे बिलासपुर में इतिहास बदलने की बात कह रहे हैं। देवेन्द्र के मुताबिक देखते जाइए बस, भाजपा का अहंकार भारी पड़ेगा और लोकतंत्र के इस चुनाव में जीत कांग्रेस की होगी। हालांकि पिछले चुनाव की ही बात करें तो कांग्रेस के अटल श्रीवास्तव को भाजपा के अरुण साव से एक लाख 41 हजार वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। जाहिर है इस वोटों के गड्ढे को पाटना कांग्रेस के लिए आसान नहीं होगा। यह सीट कांग्रेस 1996 से नहीं जीत पाई है।

# भाजपा का अहंकार इस बार पड़ेगा भारी, बदलेगा इतिहास- देवेन्द्र यादव

कांग्रेस उम्मीदवार- देवेन्द्र यादव

**हरिभूमिः** केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार है, आपके खिलाफ केस भी है, कैसे चुनाव लड़ेंगे?

**देवेन्द्र** - यह सिर्फ दबाव बनाने की राजनीति है। विधानसभा चुनाव के दौरान भी मेरे साथ इसी तरह से कोशिश की गई, लेकिन हम डरने और दबने वाले लोग नहीं है। भाजपा और केन्द्र सरकार के खिलाफ जो भी आवाज उठाता है उसके खिलाफ एजेंसियां शिकंजा कसने लग जाती हैं। भारत लेकिन लोकतांत्रिक देश है। यहां ना अंग्रेजों की तानाशाही चल सकी और ना ही भाजपा की चलने देंगे। मैं किंचित हूं, लेकिन भयभीत नहीं हूं, खुश हूं और मैं डरता नहीं हूं। भाजपा का अहंकार अमर होने का हो चुका है। कोई अमर नहीं होता है। इसलिए जनता भाजपा की लहर सांय सांय करने को तैयार है। हमें कानून और लोकतंत्र पर पूरा भरोसा है। अभी तक फंसा सकते तो फंसा लेते। मैं कानूनी लड़ाई लड़कर जनता के बीच खड़ा रहूंगा।

**हरिभूमि**- प्रत्याशी बनाए जाने के बाद से विरोध हो रहा है, कैसे मैनेज करेंगे, गुटबाजी है क्या?

**देवेन्द्र**- राजनीति में सबकी उम्मीदें होतीं हैं। शुरूआती तौर पर कुछ लोगों की नाराजगी भी रहती है जो स्वाभाविक है। सभी से बात की जा रही है। मनाया भी गया है। सब एक होकर साथ हैं और भाजपा से लड़ाई लड़ी जाएगी। जहां तक बात गुटबाजी की है तो ऐसा कहीं नहीं हैं। सबके बीच अच्छे संबंध हैं। सभी एकजुट और एक साथ हैं, जिसके कारण यहां संगठन मजबूत है। आने वाले समय में हम सभी एकजुटता के साथ काम करेंगे

**हरिभूमि** : 1996 से बिलासपुर लोकसभा में जीत नहीं मिली है, इस बार किन मुद्दों को लेकर जाएंगे ?

**देवेन्द्र** : पिछले तीन दशकों से बिलासपुर लोकसभा सीट से भाजपा के सांसद जीत कर गए हैं लेकिन, न्यायधानी के के साथ हमेशा अन्याय ही हुआ है। खासकर युवा वर्ग के लिए कोई काम नहीं किया गया है। औद्योगिक विकास के लिए कोई काम नहीं हुआ है। रायपुर के बाद दूसरा बड़ा शहर है। इसके बाद भी विकास नहीं हो सका। सांसद के निष्क्रिय होने और मुखर नहीं होने के कारण ऐसा हुआ है। रेलवे की क्या हालत है बिलासपुर की जनता देख रही है। सर्वाधिक आय देने वाले बिलासपुर जोन से रेलवे नेछलावा किया है। ट्रेनें बंद कर दी जा रही हैं, गाड़ियां लेटलतीफ हो रही हैं। आए दिन ट्रेनों को कैंसिल करने का सिलसिला चल रहा है, जिसका खामियाजा यहां के लोगों को उठाना पड़ रहा है। अब जनता अपने लिए न्याय करेगी।

**हरिभूमिः** बिलासपुर से कोई नेतृत्व नहीं मिला क्या, भिलाई से आपको लाना पड़ा ?

**देवेन्द्रः** देखिए भाजपा इस तरह से अलग-अलग प्रोपेगेंडा करती है। जब भाजपा अपने संगठन के नेता को दूर-दूर से चुनाव लड़ाती है तो कोई बात नहीं होती। बाद में कांग्रेस पर सवाल उठाती है। मैंने भिलाई के लोगों से भी कहा है कि अब बिलासपुर के रूप में मुझे नई जिम्मेदारी मिली है। मैं उनकी उम्मीदों पर खरा उतरूंगा और अपना नाम कभी खराब नहीं होने दूंगा।

**आमने/सामने**



देवेन्द्र यादव
कांग्रेस उम्मीदवार



तोखन साहू
भाजपा उम्मीदवार

# जीत नहीं, भाजपा की जीत के अंतर के बारे में बात हो रही- तोखन साहू

भाजपा उम्मीदवार- तोखन साहू

**हरिभूमि** - भाजपा के पक्ष में क्या माहौल है, जीत आसान होगी या इस बार मुश्किल है?

**तोखन साहू**- बिलासपुर में कौन जीतेगा यह सवाल तो कभी रहा ही नहीं, भाजपा की जीत का अंतर कितने लाख वोटों का होगा बस इस पर ही बात होती है। पिछली बार 2019 में एक लाख 41 हजार वोटों से जीत मिली थी। इस बार यह अंतर दोगुने से अधिक होगा। छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर पार्टी को जीत मिलेगी। प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी जैसा कोई नहीं है। पूरे देश में मोदी की गारंटी का डंका बज रहा है और पूरा देश पीएम श्री मोदी और भाजपा के साथ खड़ा है। बिलासपुर लोकसभा में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दी गई गारंटी को लेकर मतदाताओं में भारी उत्साह है और भारतीय जनता पार्टी इस बार रिकार्ड मतों से चुनाव जीतेगी।

**हरिभूमि**- कांग्रेस इस बार बिलासपुर लोकसभा से इतिहास बदलने की बात कर रही है ?

**तोखन साहू**- यह तो 4 जून को मालूम पड़ जाएगा कि इतिहास कौन बनाता है और कौन इतिहास बन जाएगा। कोयला घोटाले के आरोपी और जिसके यहां ईडी ने छापेमारी की, ऐसे भ्रष्टाचारी व्यक्ति को कांग्रेस ने बिलासपुर से प्रत्याशी बनाया है। यह कांग्रेस की मानसिकता है। बिलासपुर, मुंगेली और गौरेला पेंड्रा मरवाही इन तीन जिलों में कांग्रेस को कोई नेता नहीं मिला, तो भिलाई से बुलाकर बाहरी प्रत्याशी को चुनाव लड़वा रही है। बाहरी और भ्रष्टाचारी को टिकट देना कांग्रेसी और स्थानीय नेताओं का अपमान है।

**हरिभूमि**- किन मुद्दों को लेकर लोगों के बीच जा रहें, बिलासपुर-मुंगेली-मंडला रेल लाइन का क्या होगा ?

**तोखन साहू**- बिलासपुर-मुंगेली-मंडला रेल लाइन के बारे में पहले भी बिलासपुर के सांसद रहे पुन्नू लाल मोहले, लखन लाल साहू और अरुण साव ने इस मुद्दे को संसद में उठाया था। सांसद बना तो इस मुद्दे पर गंभीरता से बात होगी। यह रेल लाइन बननी ही चाहिए। भाजपा हमेशा से ही सबका साथ सबका विकास की बात कहती है। इसी लाइन पर काम होगा। सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाया जाएगा। हर किसी का जीवन स्तर ऊपर उठे इसके लिए भाजपा सरकार काम कर रही है। प्रयास होगा कि रद्द ट्रेनें फिर से प्रारंभ हों और जहां पर ट्रेनों का स्टापेज नहीं है, वहां बनाया जाए।

**हरिभूमि**- विधानसभा का टिकट मांगा था आपने, लोकसभा का मिल गया, सबका साथ मिल रहा क्या ?

**तोखन साहू**- विधानसभा में मैंने टिकट जरूर मांगा था लेकिन पार्टी शायद मुझे बड़ी भूमिका निभाने के लायक समझती है।कब कहां किस कार्यकर्ता को किस काम में लगाना है, पार्टी जानती है। पार्टी ने फैसला किया है और मुझे लोकसभा का टिकट दिया है। मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को बिलासपुर जैसी सीट से प्रत्याशी बनाना मेरे लिए बड़ी बात है। यह सिर्फ भाजपा में ही हो सकता है। देखिए पार्टी चुनाव लड़ा रही है। हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं। कोई भी चुनाव पार्टी के नेता लड़वाते हैं।

## आमने/सामने

### जनता का भरोसा खो चुकी है कांग्रेस- विष्णुदेव



कांग्रेस की घोषणा पत्र को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, कांग्रेस देश की जनता का पूरी तरह से भरोसा खो चुकी है। कांग्रेस सरकार बनने वाली नहीं है। न नौमन तेल होगा ना राधा नाचेगी" यह कुछ भी कर ले. कुछ होने वाला नहीं है। छत्तीसगढ़ में 2018 के विधानसभा चुनाव में 36 वादे किए थे, 5 साल में एक भी काम पूरा नहीं किया। विधानसभा चुनाव में किसी ने विश्वास नहीं किया। चाहे एक लाख देने की बात कहे, चाहे कुछ भी कर ले। एक लाख देने का फॉर्म भरा रहे पैसा कहां से देंगे। सब कांग्रेस छोड़कर भाग रहे हैं। हमें प्रवेश कराने में दिक्कत हो रही है।

### कांग्रेस का न्याय पत्र आशा की किरण- बैज



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, महंगाई, बेरोजगारी तथा निराशा के इस दौर देश में कांग्रेस का न्याय पत्र देश के लोगों में आशा की किरण पैदा करता है। जनता लोकसभा चुनाव में मोदी के कुशासन से मुक्ति पाकर अपने लि विकास और समृद्धि के नए द्वार खोलेगी। कांग्रेस का शुरू से मानना है कि देश का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब हर वर्ग के नागरिकों की आर्थिक समृद्धि के द्वार खोले जाए। इसलिए कांग्रेस ने किसान न्याय गारंटी, युवा न्याय गारंटी, नारी न्याय गारंटी, श्रमिक न्याय गारंटी तथा हिस्सेदारी न्याय की गारंटी देने का निर्णय लिया है।

**19 अप्रैल को पहले चरण में दोनों ही सीटों पर होगा चुनाव**

# मणिपुर में होगी सत्तारूढ़ भाजपा की अग्नि परीक्षा कांग्रेस की न्याय यात्रा भी कसौटी पर कसेंगे मतदाता

ओपी पाल ▶▶| नई दिल्ली

देश की 18वीं लोकसभा के लिए मणिपुर की दो लोकसभा सीटों पर ऐसे समय चुनाव हो रहे हैं, जब इस सूबे में जातीय हिंसा के जख्म अभी भरे नहीं हैं। इसी वजह से सुरक्षा की दृष्टि से इन दोनों सीटों पर मतदान कराने के लिए दो चरण में एक विशेष व्यवस्था की गई है, जिसमें 19 अप्रैल को पहले चरण में दोनों ही सीटों पर चुनाव होगा, लेकिन बाहरी मणिपुर सीट के अंतर्गत असुरक्षित श्रेणी में निर्धारित तेरह सीटों पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को चुनाव होगा। इसलिए माना जा रहा है कि पिछले दिनों हिंसा से ग्रस्त रहे मणिपुर की दोनों सीटों पर जहां सत्तारुढ़ दल की अग्नि परीक्षा होगी।

वहीं हिंसा को लेकर सत्ता के खिलाफ मोर्चा खोलते रहे विपक्षी दलों खासकर कांग्रेस के सामने भी भारत न्याय यात्रा की कसौटी पर खरा उतरने की चुनौती होगी। पूर्वोत्तर में 16 जिले वाले मणिपुर में दो लोकसभा सीट भीतरी मणिपुर और बाहरी मणिपुर पर पिछले साल मई में शुरु हुई जातीय हिंसा लंबे समय तक राज्य और केंद्र सरकार के लिए सिरदर्द बनी रही है।





### मतदाताओं का चक्रव्यूह

मणिपुर की दोनों लोकसभा सीटों पर इस बार कुल 20,26,623 मतदाताओं का चक्रव्यूह है। राज्य में 32 विधानसभाओं वाली भीतरी मणिपुर सीट पर 10,10,618 तथा बाहरी मणिपुर सीट, जिसमें 28 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। मणिपुर में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को भीतरी मणिपुर सीट में शामिल सभी 32 सीटों के साथ बाहरी मणिपुर सीट की 28 में से केवल 15 विधानसभा सीटों पर लोकसभा के लिए चुनाव कराया जाएगा। बाकी 13 विधानसभा सीटों पर लोकसभा के लिए दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। मणिपुर में 2955 मतदान केंद्रों की स्थापना की गई है, जिनमें से 1058 को 'संवेदनशील' के तौर पर चिन्हित किया गया। ज्यादातर संवेदनशील मतदान केंद्रों दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा।

### एक सीट पर भाजपा का कब्जा

पिछले लोकसभा चुनाव में बाहरी मणिपुर सीट पर नगा पीपुल्स फ्रंट के लोहों एस फोज ने जीत हासिल की थी, जिसने भाजपा प्रत्याशी एच शोखोपाओ मैट को पराजित किया था। जबकि सामान्य श्रेणी की भीतरी मणिपुर सीट पर भाजपा के प्रत्याशी डॉ. राजकुमार रंजन सिंह जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। इन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी ओइनम नाबाकिशोर सिंह को पराजित किया था। भतीरी मणिपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा ने इस बार थौनाओजम बसंत कुमार सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है।

### ये है राज्य का परिदृश्य

मणिपुर की जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार 2,855,794 है। 22 हजार तीन सौ 27 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल वाले मणिपुर की आधिकारिक भाषा मैतेयी और अंग्रेजी है। मणिपुर की 60 विधानसभा सीटों में से 40 सीटों पर मैतेई समुदाय का दबदबा है। क्योंकि उनकी जनसंख्या कुल आबादी की 53 फीसदी है। फिलहाल राज्य में भाजपा के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह भी मैतई समुदाय से ही आते हैं।

### हिंसा की वजह

म्यांमार की सीमा से सटे मणिपुर में आधे से अधिक मैतेई समुदाय के लोग तथा करीब 43 फीसदी कुकी और नगा समुदाय की आबादी है, जो जनजातियां मानी जाती हैं। मणिपुर में पिछले साल 3 मई से हिंसा की शुरुआत मैतेई (घाटी बहुल समुदाय) और कुकी जनजाति (पहाड़ी बहुल समुदाय) के बीच हिंसा से हुई। मणिपुर में मैतेई समाज की मांग है कि उसको कुकी की तरह राज्य में शेड्यूल ट्राइब (जनजाति) का दर्जा दिया जाए, जिसका कुकी समुदाय ने जमकर विरोध किया। इसी हिंसा ने उस समय उग्र रुप ले लिया था जब मैतेई समुदाय द्वारा कुकी समुदाय की दो महिलाओं को नग्न अवस्था में परेड कराने के मामला सोशल मीडिया पर सुर्खियां बना।

## चुनाव से पहले बीजेपी की एक सीट पर जीत हो गई पक्की



एजेंसी ▶▶| खजुराहो

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के वोटिंग से पहले ही बीजेपी की एक सीट पर जीत पक्की हो गई है। मध्य प्रदेश के खजुराहो सीट से अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी की तरफ से उम्मीदवार बनाई गई मीरा यादव के नामांकन को रद्द कर दिया गया है। फॉर्म पर हस्ताक्षर नहीं करने और पुरानी नामावली के चलते पन्ना जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने नामांकन निरस्त किया। अब इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार के सामने कोई बड़ी पार्टी का उम्मीदवार नहीं है। सिर्फ कुछ निर्दलीय प्रत्याशी ही मैदान में रह गए हैं।

### गठबंधन में सपा के खाते में गई थी सीट

बता दें कि गठबंधन के चलते कांग्रेस ने यह सीट समाजवादी पार्टी (सपा) को दी थी, इस कारण यहां किसी प्रत्याशी को नहीं उतारा गया था। अगर, मीरा यादव का नामांकन निरस्त होता है तो बड़ी पार्टी का कोई भी प्रत्याशी भाजपा के वीडी शर्मा के सामने नहीं होगा। हालांकि, सभा के अलावा करीब 15 अन्य प्रत्याशियों ने खजुराहो सीट से नामांकन दाखिल किया है।

**राजद ने वीआईपी कोटे से दीं मुकेश सहनी को 3 सीटें**

# महागठबंधन में शामिल हुए 'सन ऑफ मल्लाह'

एजेंसी ▶▶| पटना



बिहार में आरजेडी के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने विकासशील इंसान पार्टी यानी वीआइपी प्रमुख मुकेश सहनी को महागठबंधन में शामिल कर लिया है। इसी के साथ तेजस्वी यादव ने अपने खाते की तीन सीट भी मुकेश सहनी को दी है। मुकेश सहनी को गोपालगंज, झंझारपुर और मोतिहारी की सीट दी गई है। तीन सीट मुकेश सहनी के पास जाने के बाद अब राजद के पास 26 में से 23 सीट बची है। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने मुकेश साहनी को महा गठबंधन में शामिल करते हुए राजद दफ्तर में इसका औपचारिक ऐलान किया।

### विधानसभा चुनाव में भी जारी रहेगा गठबंधन

पटना के आरजेडी कार्यालय में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुकेश सहनी की मौजूदगी में वीआईपी को दी जाने वाली सीटों की घोषणा की। इस मौके पर तेजस्वी यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए यह गठबंधन हुआ है और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में भी गठबंधन जारी रहेगा। इस मौके पर तेजस्वी यादव मुकेश सहनी ने केंद्र की बीजेपी नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा।

# कांकेर सीट के लिए 9 अभ्यर्थियों के नामांकन वैध, एक का रिजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

लोकसभा सीट कांकेर के लिए 28 मार्च से 4 अप्रैल को निर्धारित समय दोपहर 3 बजे तक 10 अभ्यर्थियों के नामांकन फार्म हुए थे। नामांकन फार्म की 5 अप्रैल को संवीक्षा हुई। संवीक्षा के उपरांत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11 लोकसभा कांकेर के लिए प्राप्त कुल 10 नाम-निर्देशन पत्रों में से 9 अभ्यर्थियों के दस्तावेज विधिमान्य पाए गए। एक नामांकन रिजेक्ट किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के द्वारा जारी नोटिफिकेशन के तहत 28 मार्च से 4 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक नामांकन फार्म जमा किया गया।

### इनके नामांकन पाए गए वैध

कलेक्टर कक्ष में 5 अप्रैल को संवीक्षा हुआ, जिसमें 10 अभ्यर्थियों के नामांकन फार्म मिले। दस अभ्यर्थियों में भाजपा से हिमोड़ा निवासी भोजराज नाग, कांग्रेस से कोरर निवासी बीरेश ठाकुर, गोंगपा से मावलीपारा सरोना निवासी सुखचंद नेताम, सर्व आदि दल से ईरागांव केशकाल निवासी जीवन लाल मातलाम, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से अंडी कोरर निवासी थाकेश माहला, भारतीय साक्षर पार्टी से राजाराम नाग, हमर राज पार्टी से विनोद कुमार नागवंशी, बसपा से तिलक राम मरकाम, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी से भोजराम मण्डावी और आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया से सोन सिंह का नामांकन फार्म था।

### भारतीय साक्षर पार्टी के प्रत्याशी का फार्म रिजेक्ट

संवीक्षा में भारतीय साक्षर पार्टी से राजाराम नाग के शपथ पत्र में खामी थी, उनको कॉल करके जानकारी दी गई। उनकी उपस्थिति नहीं होने पर उनके नामांकन फार्म को रिजेक्ट कर दिया गया है। 9 अभ्यर्थियों के दस्तावेज विधिमान्य पाए गए।

## गोविंदा ने शुरू किया शिवसेना के लिए प्रचार



एजेंसी ▶▶| नागपुर

फिल्म अभिनेता गोविंदा लोकसभा के लिए शिवसेना शिंदे गुट की तरफ से प्रचार में कूद पड़े हैं। वह रामटेक लोकसभा क्षेत्र में शिवसेना प्रत्याशी राजू पार्वे के लिए प्रचार करने पहुंचेंगे। नागपुर पहुंचे ने मीडिया से बात करते हुए कई सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा, यह तो सिर्फ शुरुआत है। किसी काम की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि मेहनत कितनी की गई है। चुनाव लड़ने की अटकलों पर उन्होंने कहा, इसको लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है और ना ही मैंने टिकट मांगा है। हम हर तरह से शिवसेना शिंदे गुट के साथ हैं। मैंने अब तक जो भी संकल्प लिया है वह पूरा किया है। अब मैं शिवसेना प्रत्याशी के लिए प्रचार में उतरा हूं। मुझे उम्मीद है कि निश्चित तौर पर उनकी जीत होगी।

**प्रयागराज लोकसभा सीट पर 10 सालों से रहा है बीजेपी का कब्जा**


# प्रधानमंत्रियों का शहर... अब तक 7 नेता बने पीएम

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

प्रयागराज को 'प्रधानमंत्रियों का शहर' कहने के पीछे की कहानी भी दिलचस्प है। दरअसल, इस जिले में कुल दो लोकसभा सीटें आती हैं। एक प्रयागराज और दूसरी फूलपुर. इन जिले की दोनों सीटों से लोकसभा चुनाव जीतने वाले कुल तीन नेता देश के प्रधानमंत्री बने। सबसे पहले नाम आता है पंडित जवाहर लाल नेहरू का, दूसरे हैं लाल बहादुर शास्त्री, और तीसरे हैं विश्वनाथ प्रताप सिंह। वहीं इस शहर से निकले कुल 7 नेता ऐसे रहे, जो आगे चलकर देश के प्रधानमंत्री बने।

### संगमनगरी से निकले कई पीएम

गंगा, यमुना, सरस्वती के संगम के लिए मशहूर प्रयागराज की धरती से कई प्रधानमंत्री निकले। आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू यहीं से थे। उनके पिता मोती लाल नेहरू यही रहते थे। यहां का आनंद भवन उनका निवास था। देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री भी इसी शहर से चुनाव जीते। नेहरू के अलावा इंदिरा गांधी और राजीव गांधी भी कभी यहीं रहा करते थे। आगे चलकर इंदिरा और राजीव भी देश के प्रधानमंत्री बने। इतना ही नहीं, देश के प्रधानमंत्री रहे वी पी सिंह यानि विश्वनाथ प्रताप सिंह भी इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र थे। इसी तरह चंद्रशेखर और गुलजारी लाल नन्दा ने भी यहीं से अपनी पढ़ाई की थी। ये दोनों भी आगे चलकर देश के प्रधानमंत्री बने. इस तरह आजादी से अब तक इलाहाबाद की धरती से निकले कुल 7 नेता इस देश के प्रधानमंत्री बने। यही नहीं प्रयागराज लोकसभा सीट से बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन भी चुनाव लड़कर सांसद रह चुके हैं। इसी तरह समाजवादी नेता जनेश्वर मिश्र और भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी भी यहां से सांसद रहे हैं।



### भाजपा लगाएगी हैट्रिक!

इलाहाबाद लोकसभा सीट पर दो बार से लगातार भाजपा जीत रही है। वर्तमान में यहां से रीता बहुगुणा जोशी सांसद है। दिलचस्प बात यह है कि वर्ष 2014 के चुनाव में सपा के पूर्व सांसद श्यामाचरण गुप्ता ने बीजेपी का दामन थाम लिया और चुनाव मैदान में उतरे। उन्होंने सपा के ही कुंवर रेवती रमण सिंह को चुनाव हरा दिया। इसके बाद के चुनाव यानि वर्ष 2019 में कांग्रेस नेता रीता बहुगुणा जोशी, भाजपा में शामिल हो गईं और भाजपा के टिकट पर यहां से सांसद बन गईं। अब इस बार आईएनडी गठबंधन से उज्ज्वल रमण सिंह मैदान में हैं। वह सपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए हैं और कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने अभी तक यहां अपना उम्मीदवार नहीं घोषित किया है। अब देखना यह है कि भाजपा यहां से किस चेहरे पर दांव लगाती है। उज्ज्वल रमण सिंह, सपा के कद्दावर नेता व पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह के पुत्र हैं।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


**40 करोड़ के ट्रांसफार्मर जलकर खाक**

**आग पर काबू पाने रायपुर, दुर्ग भिलाई, बलौदाबाजार से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गईं**



# बिजली स्टेशन में आग का सैलाब

## बम की तरह फटते रहे ट्रांसफार्मर

# धुएं से भरा आसमां

**सैकड़ों ट्रांसफार्मर खाक**

**आग बुझाने घंटों मशक्कत, दो दर्जन गाड़ियां दौड़ती रहीं**

*गुढ़ियारी स्थित बिजली विभाग के सब स्टेशन स्थित ट्रांसफार्मर गोदाम में शुक्रवार दोपहर एक से सवा बजे के बीच तेज विस्फोट के बाद आग का ऐसा सैलाब उठा कि पूरा इलाका थर्रा उठा। एक के बाद एक धमाकों से लोग सिहर उठे। आग की लपटें और काले धुएं से आसमान भर गया। फायर ब्रिगेड की दो दर्जन गाड़ियां आग पर काबू पाने दौड़ती रहीं, पर देर शाम तक आग धधकती रही। इस दौरान आसपास की बस्तियों से दो हजार से ज्यादा लोगों को हटा दिया गया। इस आगजनी में सैकड़ों ट्रांसफार्मर खाक हो गए हैं। हालांकि अफसर अभी सही स्थिति नहीं बता पा रहे हैं।*

## 2000

### से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

फायर ब्रिगेड के अफसरों के मुताबिक दोपहर 1 बजकर 26 मिनट पर उन्हें आग लगने की जानकारी मिली। इसके बाद मौके पर दो दमकल की गाड़ियां रवाना की गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बाद में और सात फायर ब्रिगेड की गाड़ियां रवाना की गईं। बावजूद इसके आग पर काबू नहीं पाने की स्थिति में शारडा एनर्जी के साथ बिरगांव नगर निगम के साथ गोदावरी इस्पात, भिलाई, दुर्ग तथा बलौदाबाजार से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गईं।

ट्रांसफार्मर गोदाम में आग की लपटें कई किलोमीटर तक देखी गईं। साथ ही लपटों से उठ रहे धुंआ से आसमान काला दिखने लगा। आसमान पर छाया धुंआ शहर के सभी इलाके से दिख रहा था। ट्रांसफार्मर तथा ट्रांसफार्मर में उपयोग होने वाले ज्वलनशील पदार्थ से भरे ड्रम में रह रहकर विस्फोट होते रहे। इसके कारण आग कम होने के बजाय और तेजी से बढ़ने लगी। ट्रांसफार्मर गोदाम में रुक रुककर हो रहे विस्फोट की वजह से आग तेजी से फैलने लगी और लपटें उठने लगी। इसके कारण आसपास के पूरे इलाके में धुंआ फैल गया। इससे लोग दहशत में आ गए। मौके पर पहुंची पुलिस के साथ राहत तथा बचाव दल ने आसपास की बस्ती में रहने वाले दो हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कराया। ▶▶ शेष पेज 2 पर



फोटो : भूपेश जांगडे/ रमन हलवाई



**डर के मारे लोग घर बंद कर भागे**



ट्रांसफार्मर गोदाम में लगी आग से आसपास के रहवासी बेहद ही डरे हुए हैं। डर के कारण घटना स्थल के आसपास रहने वाले स्वतः ही अपने घर को बंद कर अपने करीबी के साथ सुरक्षित स्थान चले गए हैं। साथ ही मौके पर किसी तरह से अनहोनी से निपटने एंबुलेंस तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम तैनात की गई है।

## ऐसे समझें पूरे घटना को

- ट्रांसफार्मर गोदाम में दोपहर 1.15 बजे विस्फोट से मची दहशत
- घटना के बाद मौके पर उपस्थित विद्युत कर्मी विस्फोट स्थल की ओर दौड़े
- कर्मियों ने फायर ब्रिगेड के कंट्रोलरूम में 1.26 बजे कॉल किया
- कर्मियों ने फायर ब्रिगेड के कंट्रोलरूम में 1.26 बजे कॉल किया
- फायर ब्रिगेड की पहली गाड़ी 1.42 बजे घटना स्थल पहुंची
- 2.00 बजे के करीब विद्युत विभाग के अफसर मौके पर पहुंचे
- गाड़ियों ने शाम सात बजे तक 50 से ज्यादा फेरे लगाए

### घटनास्थल के आसपास नो एंट्री

आगजनी की घटना देखने बड़ी संख्या में लोग घटना स्थल पहुंचने लगे। इससे फायर कर्मियों को आग पर काबू पाने परेशानी का सामना करना पड़ा। भीड़ से निपटने गुढ़ियारी के साथ खमतराई थाना तथा आसपास के थानों के पुलिसकर्मियों को घटना स्थल पर तैनात किया गया। लोग घटना स्थल पर वीडियो, फोटो बनाने के साथ सेल्फी लेने के लिए पहुंच रहे थे।

### ऊर्जा विभाग के चेयरमैन मौके पर पहुंचे

ट्रांसफार्मर गोदाम में विस्फोट के बाद आग लगने की जानकारी मिलने पर मौके पर ऊर्जा विभाग के चेयरमैन पी. दयानंद मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंचे ऊर्जा विभाग के चेयरमैन घटना की जानकारी लेने के साथ ही मौके पर उपस्थित अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे।


### इस तरह लगी आग

ट्रांसफार्मर गोदाम में आग लगने की वजह कचरे को बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार जहां ट्रांसफार्मर गोदाम है उसके पीछे कोटा जाने वाले मार्ग के पास कचरे के ढेर में आग लगी और उसकी चपेट में एक ट्रांसफार्मर आया। उसके बाद उसमें विस्फोट हुआ औरआग तेजी से फैलती गई।

### घटना स्थल का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लिया जायजा



*कोटा सीएसईबी गोदाम में हुई आगजनी की घटना का जायजा लेने पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय। मुख्यमंत्री मौके पर पहुंचकर कलेक्टर समेत वरिष्ठ अधिकारियों से ले रहे घटना की जानकारी।*










SIKSHA 'O' ANUSANDHAN

SAAT-2024

Empowering students for a brighter future

LAW PROGRAMMES OFFERED
- BA LLB (H) - Integrated Law
- BBA LLB (H) - Integrated Law
- LLB (H) - 3 Years Law
- LLM

APPROVAL & RECOGNITIONS
- Approved by UGC & BCI
- Re-accredited by NAAC with A++ Grade
- Accredited by NBA
- Ranked in QS World Rankings 2024

NIRF INDIA RANKINGS 2023
- 08th Best in Law Category
- 15th Best in University Category

To apply for admission through SAAT, Please visit: www.soa.ac.in

## चिंतन

# बाहरी हस्तक्षेप पर कड़ा जवाब देना बहुत जरूरी

भारत में अठारहवीं लोकसभा के चुनाव आगामी 19 अप्रैल से एक जून तक हो रहे हैं। यह चुनाव ने केवल दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्या वाले भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए बड़ा आयोजन है। इसका प्रबंधन खासा चुनौतीपूर्ण है। 1.4 अरब की आबादी में करीब सौ करोड़ लोग अपने अधिकार का इस्तेमाल करते हुए उन प्रतिनिधियों का चयन करेंगे जिनके हाथों में अगले पांच सालों तक देश की बागडोर होगी। दुनिया में कहीं भी ऐसा दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। अगर पूरी दुनिया के इतिहास को देखा जाए तो लोकतंत्र की अवधारणा छठी सदी ईसा पूर्व के एथेंस में देखी जा सकती है जहां पहली बार जनता के शासन का विचार सामने रखा गया। समय के साथ 'लोगों' की परिभाषा बदलती गई और इस दौरान यह अधिक समावेशी भी होती गई। भारत के लोकतंत्र में समय-समय पर बदलाव तो किए गए, लेकिन इसके मूल को जस का तस रखा गया। पूरी दुनिया जानती है कि भारत में लोकतंत्र की जड़ें कितनी गहरी हैं। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने बिलकुल सही कहा है कि किसी भी ग्लोबल बॉडी को हमें यह बताने की जरूरत नहीं है कि भारत में चुनाव कैसे होना चाहिए। मेरे साथ भारत के लोग हैं। भारत के लोग यह सुनिश्चित करेंगे कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हों, इसलिए इसके बारे में कोई चिंता न करें। विदेश मंत्री का यह कथन भारत में निष्पक्ष चुनाव को लेकर यूएन की चिंता के जवाब में आया। दरअसल, 29 मार्च को यूएन जनरल सेक्रेटरी के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा था, हम उम्मीद करते हैं कि भारत में सभी के अधिकारों की रक्षा की जाएगी। भारत में चुनाव का समय है, ऐसे में सभी नागरिकों को निष्पक्ष माहौल में वोट डालने का मौका मिलना चाहिए। पूरी दुनिया को यह नहीं भूलना चाहिए कि लोकतंत्र में बहुमत का शासन होता है, लेकिन केवल संविधान में उल्लिखित नियमों के अनुरूप ही शासन किया जा सकता है। एक लोकतांत्रिक देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव इस दिशा में पहला और अपरिहार्य कदम है। जनता और उसके कल्याण के प्रति जवाबदेह संवैधानिक रूप से सशक्त संस्थानों को मजबूत बनाए रखने की प्रतिबद्धता को भी राष्ट्रीय एजेंडे में प्राथमिकता है। यहां चुनाव में भेदभाव, दबाव या फिर घालमेल का कोई स्थान ही नहीं है। यूएन से पहले अमेरिका और जर्मनी भी ऐसे ही बयान देकर मुंह की खा चुके हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी दूतावास के एक वरिष्ठ राजनयिक को तलब कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी और जर्मन के दूतावास के अधिकारी को भी तलब किया गया था। दोनों देशों की प्रतिक्रिया दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आई थी। उन्हें यह अहसास होना चाहिए कि भारत में कानूनी प्रक्रियाएं केवल कानून के शासन द्वारा संचालित होती हैं। जिस किसी देश या संस्था, विशेषकर सहयोगी लोकतंत्रों को इस तथ्य की सराहना करने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। पिछले कई दिनों से देखने में आ रहा है कि केवल चुनाव ही नहीं खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू के मामले में भी कभी मानवाधिकार तो कभी धार्मिक स्वतंत्रता के मामले में अमेरिकी एजेंसियों की तरफ से भारत को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की जाती रही है, जिसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जा सकता। यह नहीं भूला जाना चाहिए कि भारत में क्षेत्रीय सीमाओं के भीतर उनके संप्रभु नियंत्रण को पहचाना जाता, अन्य संस्थाओं द्वारा उनका सम्मान भी किया जाता और इसमें बाहरी हस्तक्षेप नहीं होता। इसके साथ ही राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की अवधारणा भारत के मूल में है। अब से पहले भी अनेक ऐसे अवसर आए जब अलग-अलग कारणों के चलते बाहरी हस्तक्षेप से भारत या फिर हमारे लोकतंत्र को प्रभावित करने का प्रयास किया गया, लेकिन हमने न केवल उसका मुंहतोड़ जवाब दिया बल्कि पूरी दुनिया को बता दिया कि देश के अंदरूनी मामलों में यह देश किसी प्रकार के दबाव या फिर हस्तक्षेप को सहन न तो करता है और न ही करेगा। अब भारत ने तुरंत और कड़ा जवाब देकर बिलकुल सही कदम उठाया है। विश्व बिरादरी को भी समझ लेना चाहिए कि भारत के लाभ और हानि में क्या है, उसे वो बेहतर ढंग से समझता है।

## उपलब्धि

डॉ. सौरभ मालवीय



# महिला सशक्तिकरण पर फोकस

लोकसभा चुनाव सिर पर है। इस बार भी चुनाव में महिला मतदाता निर्णायक भूमिका में रहेंगी, इसलिए भारतीय जनता पार्टी विकास के मुद्दे के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण को लेकर चुनाव प्रचार कर रही है। भाजपा को पूर्ण आशा है कि उसे महिलाओं का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। इसके अनेक कारण हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दस वर्ष के शासन काल में महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्य किए हैं। उन्होंने न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किए, अपितु उनके मान-सम्मान को भी विशेष महत्व दिया। वे दावे से कहते हैं कि महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा और सशक्तिकरण-ये मोदी की गारंटी है। उनका कहना है कि मोदी ने बहन-बेटियों को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण की गारंटी दी थी। वह पूर्ण हो चुकी है। मोदी ने मुस्लिम बहनों को तीन तलाक की कुरीति से मुक्ति दिलाने की गारंटी भी दी थी। ये गारंटी भी मोदी ने पूरी की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महिला सशक्तिकरण के कार्यों में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम प्रमुख है। सितम्बर 2023 पारित यह विधेयक लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करता है। इसके पारित होने से महिलाओं की लम्बित मांग पूर्ण हुई है। इसी प्रकार मुस्लिम महिलाओं के हित में भी निर्णय लेते हुए उन्हें तीन तलाक की कुरीति से मुक्ति दिलवाई। इन सब निर्णयों के कारण ही महिलाओं में मोदी सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। भाजपा सरकार के प्रयास से आज देश के प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं के लिए नए रास्ते बन रहे हैं। मोदी सरकार महिलाओं के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा एवं रोजगार आदि से संबंधित अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। महिलाओं को खुले में शौच से मुक्ति दिलाने के लिए युद्धस्तर पर शौचालयों का निर्माण करवाया जा रहा है। आवास एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी के अनुसार देश में विगत नौ वर्षों में 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं। मोदी सरकार महिलाओं के हित की प्रत्येक छोटी से छोटी बात का भी ध्यान रख रही है। महिलाओं का स्वप्न होता है कि उनका भी अपना निजी मकान हो। इस बात को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार निर्धन लोगों को पक्के आवास उपलब्ध करवा रही है। इतना ही नहीं मोदी सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी तीव्र गति से कार्य कर रही है। महिलाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षित महिलाओं को स्वरोजगार अर्जित करने के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। जो महिलाएं सिलाई का कार्य जानती हैं तथा उनके पास सिलाई मशीन क्रय करने के लिए धन नहीं हैं उन्हें निशुल्क सिलाई मशीनें वितरित की जा रही हैं। आत्मनिर्भरता के कारण उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है। उनके जीवन यापन की शैली में परिवर्तन आया है। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि भारत की नारी शक्ति, विकसित भारत की एक सशक्त स्तंभ है। भारत की नारी शक्ति की आर्थिक शक्ति बढ़े, इसके लिए बीते दस वर्षों में बीजेपी सरकार ने निरंतर कार्य किया है। जनधन योजना के अंतर्गत करोड़ों बहनों के बैंक खाते खोले हैं। इन दस वर्षों में देश में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की संख्या दस करोड़ को पार कर गई है। देश में दस वर्षों में बहनों के इन समूहों को स्वरोजगार के लिए आठ लाख करोड़ रुपये की सहायता बैंकों से दिलवाई गई है। प्रधानमंत्री ने मन की बात में कहा था कि आज देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है, जिसमें देश की नारी- शक्ति पीछे रह गई हो। एक और क्षेत्र, जहां महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का बेहतरीन प्रदर्शन किया है। देश के कोने-कोने में महिलाएं अब प्राकृतिक खेती को विस्तार दे रही हैं। इस बार यह देखना अत्यंत रोचक होगा कि महिलाएं उन्हें कितना समर्थन देती हैं। उनका कहना है कि उन्हें उन निर्णयों पर गर्व है जिन्होंने महिला सशक्तिकरण को और मजबूत किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि उनका तीसरा कार्यकाल भी विकास एवं महिला सशक्तिकरण को समर्पित रहेगा।

(लेखक लखनऊ विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर है, ये उनके अपने विचार हैं।)



## स्थापना दिवस

प्रभात झा

अमित शाह भाजपा ने संगठन का कार्य संभालते ही अपने अखंड प्रवास और अनेकानेक कार्यों और कार्यक्रमों से पूरे भारतवर्ष में भाजपा को खड़ा कर विश्व में भाजपा को सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाकर इतिहास रचा। भाजपा के गठन से दो दिन पूर्व एक बैठक में सवा सौ से अधिक नेताओं ने कहा था कि हम सबसे पहले स्वयंसेवक हैं और संघ से हमारा नाता मरणोपरांत भी नहीं छूट सकता। इसके लिए भले ही जनता पार्टी छोड़नी पड़े। ये भाजपा के नेताओं का समर्पण और संगठन है और इसी के बल पर पार्टी इस स्तर पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से भाजपा ने भारत को विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है।

# भाजपा ने देश को दिलाई नई पहचान

चार अप्रैल 1980 की बात है। जनता पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष चंद्रशेखर, मोहन धारिया एवं मधु लिमये जनता पार्टी के जनसंघ घटक से बार-बार कह रहे थे कि आपकी दोहरी सदस्यता नहीं चलेगी। आपको राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से अपनी सदस्यता खत्म करनी होगी। तत्कालीन विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं सूचना प्रसारण राज्यमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी लगातार समझाते रहे कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हमारी मातृ संस्था है। संघ में कोई सदस्यता नहीं होती, संघ एक सांस्कृतिक संगठन है, जो देश की संस्कृति, भारतीय परंपरा, राष्ट्रवाद एवं सनातन धर्म के लिए काम करता है। बावजूद इसके जनता पार्टी के अन्य घटक दलों ने नहीं मानी, जबकि सच्चाई यह थी कि आपातकाल के बाद जनसंघ भारत का पहला राजनीतिक दल था जिसने लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने दल का नाम और चुनाव चिह्न दीपक भी मिटा दिया। अटलजी और आडवाणीजी की बात जनता पार्टी नेताओं ने यहां तक कि मोरारजी भाई देसाई जो उस समय प्रधानमंत्री थे, नहीं सुनी। अटल और आडवाणी ने तत्कालीन पूर्व संगठन मंत्री सुंदर सिंह भंडारी से आग्रह किया कि 4 अप्रैल 1980 को सभी प्रांतों और राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख नेताओं की आपात बैठक बुलाई जाए।

मध्य प्रदेश के वरिष्ठ नेता और ग्वालियर के तत्कालीन सांसद नारायण कृष्ण शेजवलकर भी उस बैठक में गए। मैं समाचारपत्र में था और देश में जनसंघ का पहला अपना निजी कार्यालय जो ग्वालियर में बना था, उसमें रहता था। मैं भी शेजवलकर के साथ बैठक में बतौर पत्रकार चला गया। बैठक प्रारंभ हुई। पहले आडवाणीजी ने जनता पार्टी से उत्पन्न सभी बातें रखीं। उन्होंने कहा कि दोहरी सदस्यता के नाम जनता पार्टी के अन्य घटक हमें संघ के 'स्वयं सेवक' नहीं रहने और उनके कार्यक्रमों के साथ-साथ संघ की सदस्यता छोड़ने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने और अटलजी ने जनता पार्टी के नेताओं को बहुत समझाने की कोशिश की और कहा कि संघ में सदस्यता नहीं होती है संघ से हमारा वैचारिक संबंध है, लेकिन जनता पार्टी नेताओं और अन्य घटकों को यह बात समझ में नहीं आई। वहां उपस्थित सर्वश्री जगन्नाथ राव जोशी, भैरो सिंह शेखावत, सुंदर सिंह भंडारी, केदारनाथ साहनी, डॉ मुरली मनोहर जोशी, शांता कुमार, विजय कुमार मल्होत्रा, कुशाभाऊ ठाकरे, जे.पी. माथुर, कैलाशपति मिश्र, उत्तम राव पाटिल, विष्णुकांत शास्त्री, ओ. राजगोपाल, यज्ञदत्त शर्मा, मदनलाल खुराना, अश्विनी कुमार, केशुभाई पटेल, यदुरप्पा जी सहित देश के सौ सवा सौ से अधिक नेताओं ने एक साथ कहा कि हम सबसे पहले स्वयंसेवक हैं और संघ से हमारा नाता मरणोपरांत भी नहीं छूट सकता। इसके लिए भले ही जनता पार्टी छोड़नी पड़े। अंत में सभी की भावना सुनकर अटलजी भाव विभोर हो गए और उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक हैं और सदैव रहेंगे, लेकिन अब जनता पार्टी के सदस्य नहीं रहेंगे। सभी नेताओं ने एक स्वर से कहा कि हमने जनसंघ राजनीतिक दल जनता पार्टी में मिलाया था, पर जनसंघ के कार्यकर्ता तो आज भी गांव-गांव में हैं। जनसंघ के



कार्यकर्ताओं और संघ के सहयोग के कारण ही जनता पार्टी को देश में इतनी सीटें सन 1977 में आपातकाल खत्म होने के बाद मिली। बैठक में एक समिति सुंदर सिंह भंडारी की अध्यक्षता में बनाई गई और इस समिति को नया दल, नया चुनाव चिह्न और नया संविधान बनाने का कार्य सौंपा गया।

6 अप्रैल 1980 को पुनः देशभर के प्रमुख नेताओं की बैठक हुई और नए दल भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। चुनाव चिह्न कमल का फूल घोषित किया गया और दल का संविधान बनाने का कार्य शुरू हुआ। भाजपा बन गई। इसका पहला अधिवेशन मुंबई के माहिम क्षेत्र में आयोजित किया गया। सभी वरिष्ठ नेतृत्व ने एक स्वर में जनसंघ के तीन बार अध्यक्ष रहे अटल बिहारी वाजपेयी को लाखों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया। उसी शाम अपने अध्यक्षीय भाषण में अटलजी ने कहा 'अंधेरा छटेगा सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा।' सन 84 में चुनाव हुए। चुनाव के बीच में ही इंदिराजी की हत्या हो गई। भाजपा को देश में सिर्फ दो ही सीटें मिली। एक गुजरात के मेहसाणा से अशोक पटेल और दूसरा आंध्र प्रदेश से जंगा रेड्डी चुनाव जीते। यहां तक कि अटलजी ग्वालियर से 84 के चुनाव में माधवराव सिंधिया से हार गए। अटलजी उठे, कहा कि हम चुनाव हारे हैं लड़ाई नहीं। हम दुगुनी ताकत से पूरे देश में कमल खिलाएंगे। धीरे-धीरे हर लोकसभा चुनाव में भाजपा की संख्या बढ़ती गई। सन 1989 में 85 सीटें और सन 1991 में भाजपा को 120 सीटें मिलीं। एक स्थिति यह आई कि सन 1996 के चुनाव में भाजपा को 182 सीटों पर जीत मिली1 सबसे बड़ी पार्टी होने के कारण तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने अटलजी को प्रधानमंत्री की शपथ के लिए बुलाया। अटलजी ने प्रधानमंत्री की शपथ ली, लेकिन वह सरकार मात्र 13 दिन तक चलीद्व फिर चुनाव हुए, पुनः भाजपा को सहयोगियों के साथ यानी उस समय के एनडीए के साथ अच्छी सीटें मिली। अटलजी पुनः 13 महीने के लिए प्रधानमंत्री बने। सन 1999 में हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए की सरकार सभी सहयोगी दलों के सहयोग से बनी और अटलजी तीसरी बार पांच साल तक प्रधानमंत्री बने रहे। फिर सन 2004 में लोकसभा चुनाव में भाजपा पराजित हुई और यूपीए की सरकार बनी। उसके बाद यूपीए सरकार के प्रधानमंत्री राजनेता कम नौकरशाह रहे डॉ. मनमोहन सिंह बने1 यह सरकार दस साल चली। इन दस सालों में यूपीए सरकार घोटालों में डूब गई। पूरे देश में यूपीए से देश के करोड़ों लोग निराश हो चुके थे, लेकिन इतिहास करवट लेता है। गुजरात में बारह वर्ष सरकार चलाने वाले नरेंद्र मोदी को भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने उन्हें भाजपा की ओर से भावी प्रधानमंत्री बनाने की दलीय घोषणा की। उनका नाम आते ही देश में एक नए राजनीतिक युग का संचार हुआ। नई आशाएं जगी उम्मीदों की नई किरणें दिखने लगी। नरेंद्र मोदी ने भारत का प्रवास कर पूरे देश का विश्वास जीता और तीस वर्ष बाद किसी एक पार्टी (भाजपा) की बहुमत की सरकार बनी। कुल सीटें भाजपा की 282 एवं एनडीए की 336 आई। अमित शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। संगठन का कार्य संभालते ही अमित भाई ने भाजपा को सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाकर इतिहास रचा। सन 2024 का यह पहला लोकसभा चुनाव है जहां देश की करोड़ों जनता कह रही है कि तीसरी बार भाजपा सरकार बनेगी और मोदीजी प्रधानमंत्री। देश ने चुनाव से पहले ही जनस्वरों में परिणाम दे दिया है कि अपनी 45वी वर्षगांठ पर भाजपा तीसरी बार आएगी, कमल खिलेगा।

मोदीजी ने जनसंघ के जमाने में घोषणा पत्र में जो बातें आज तक कही जा रही थी, उसे साकार करने की दिशा में एक पल भी नहीं गंवाया। आज विश्व उनका लोहा मान रहा है। 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद आगामी 5 वर्ष और 2047 तक भारत को विश्व में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर ले जाने का आत्मविश्वास दिखाया है। यह बात देशवासियों के मन में इस कदर बैठ गई है कि देश कह रहा है कि 'अबकी बार फिर मोदी सरकार'।

(लेखक पूर्व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# ईश्वर की प्राप्ति ही तो जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य है



संकलित

## दर्शन

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्माचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए। यम और नियम को जीवन में अपनाने के लिए सर्वप्रथम ज्ञानेंद्रियों पर नियंत्रण करना जरूरी है।

# जब काम बड़ा हो तो बुद्धि से काम लेना चाहिए



संकलित

## प्रेरणा

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और इससे संबंधित एक कथा है। शास्त्रों के मुताबिक, एक दिन गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी के बीच प्रतियोगिता हुई कि कौन सबसे पहले संसार का चक्कर लगाकर लौटता है। कार्तिकेय स्वामी का वाहन मयूर यानी मोर है और गणेश जी का वाहन चूहा है, जो कि मोर की अपेक्षा बहुत धीरे चलता है। कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर बैठकर उड़ गए, लेकिन गणेश जी का वाहन चूहा है तो उन्होंने विचार किया कि अगर मैं चूहे पर बैठकर संसार की परिक्रमा करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, कार्तिकेय ये प्रतियोगिता जीत जाएंगे। उन्होंने कुछ सोचा और फिर शिव-पार्वती की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। गणेश जी ने कहा कि मेरा संसार को मेरे माता-पिता ही हैं। गणेश जी की बुद्धिमानी से शिव जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने पुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वरदान दे दिया। हालांकि इस बात से कार्तिकेय स्वामी गणेश जी के साथ ही शिव-पार्वती से भी नाराज हो गए थे। नाराज होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर रहने चले गए। ये पर्वत वर्तमान में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जहां है, वहां स्थित है। गणेश जी तो प्रथम पूज्य बन गए, लेकिन नाराज कार्तिकेय को मनाने के लिए शिव-पार्वती ने बहुत कोशिशें कीं। जब कार्तिकेय स्वामी की नाराजगी दूर नहीं हुई, तब शिव-पार्वती ने तय किया कि अब से वे हर अमावस्या और पूर्णिमा पर बारी-बारी से कार्तिकेय से मिलने पहुंचेंगे। मान्यता है कि इसी कथा की वजह से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती ज्योति स्वरूप में विराजित रहते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

### चुनाव के निकट महंगाई कम करने का अर्थ क्या है

केंद्र सरकार ने हाल ही में रसोई गैस की कीमतों में दो सौ रुपए तक की कमी की है। इसी तरह व्यावसायिक सिलेंडर के दामों में भी कुछ कमी की गई है। विश्लेषक इसे चुनाव की दृष्टि से देख रहे हैं, तभी तो सरकार ने जैसे ही चुनाव निकट आए, गैस के दामों में कमी कर दी। आखिर सरकार को आभास हो गया कि अगर चुनाव जीतना है, तो दाम तो कम करने ही होंगे। लेकिन वास्तविकता यह है कि सरकार पहले बार-बार दाम बढ़ा देती है, और फिर जनता के जख्मों पर मरहम लगाने के लिए थोड़े से दाम घटा देती है। मुझे लगता है कि जनता सब कुछ समझती है, वह सरकार की चाल में आने वाली नहीं है।

- प्रियंका खरे, दुर्ग

## ट्रेंड

### जनता-जनार्दन का वंदन



राजस्थान समेत पूरे देश के मेरे परिवारजन तीसरी बार केंद्र में मजबूत सरकार बनाने का संकल्प ले चुके हैं। प्रदेश की जनता 70% से अधिक वोट के साथ सभी 25 सीटों पर जीत की हैट्रिक लगाकर मोदी जी के 400 पार के संकल्प को साकार करेगी। जनता-जनार्दन का वंदन और अभिनंदन।

-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री

### क्रिकेट में निवेश



मुझे क्रिकेट पसंद है, यह कोई रहस्य नहीं है, इसलिए मुझे खुशी है कि हम अधिक युवाओं को खेल में आने के लिए समर्थन दे सकते हैं। हम 900,000 से अधिक युवाओं को क्रिकेट खेलने में मदद के लिए 35 मिलियन पाउंड का निवेश कर रहे हैं।

-ऋषि सुनक, ब्रिटिश पीएम


### न्याय-पत्र देश की आवाज़



कांग्रेस का 'न्याय-पत्र' देश की आवाज़ है! ये भारत की आकांक्षाओं का दस्तावेज़ है, जिसे जनता ने बनाया और हमने लिखा। दो ऐतिहासिक यात्राओं के माध्यम से हमने लोगों की ज़रूरतों को करीब से समझ कर 5 न्याय और 25 गारंटियों वाला एक ज़मीनी घोषणा पत्र तैयार किया है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### एक्स कॉर्प पता लगाएगा



बॉट्स और ट्रॉल्स का सिस्टम शुद्धिकरण चल रहा है। कृपया एक्स इंजी मुझे उत्तर दें। यदि वैध खाते निलंबित कर दिए गए हैं। एक्स कॉर्प जिम्मेदार लोगों का पता लगाएगा और उन पर कानून की पूरी ताकत लगाएगा।

-एलोन मस्क, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# टेक्सास में हिंदू मंदिर के खिलाफ मामला दायर

अमेरिका के टेक्सास प्रांत में भारतीय मूल के एक व्यक्ति ने एक हिंदू मंदिर और उससे संबंधित कंपनी पर 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक के हर्जाने की मांग करते हुए मुकदमा दायर किया है। व्यक्ति के 11 वर्षीय बेटे को 2023 में एक धार्मिक समारोह के दौरान लोहे की गर्म छड़ से दागा गया था। फोर्ट बेंड काउंटी के निवासी विजय चेरुवु ने कहा कि पिछले साल अगस्त में टेक्सास के शुगरलैंड में श्री अष्टलक्ष्मी हिंदू मंदिर में एक धार्मिक समारोह के दौरान उनके बेटे को लोहे की गर्म छड़ से दागा गया था। फोर्ट बेंड काउंटी में इस सप्ताह दायर एक वाद के अनुसार, लड़के को अत्यधिक दर्द हुआ था और उसकी उस जगह की त्वचा विरूपित हो गई थी।



मंदिर और उसके मूल संगठन, जीयर एजुकेशनल ट्रस्ट (जेईटी) यूएसए, इंक. के खिलाफ मुकदमे में चेरुवु 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक की क्षतिपूर्ति की मांग कर रहे हैं। चेरुवु ने यहां कहा, 'मैं हैरान रह गया। मुझे नहीं पता था कि उससे कैसे निपटूं। मेरी प्राथमिक चिंता मेरे बेटे की भलाई है।' उन्होंने कहा कि उनके बेटे के कंधे पर दागकर दो जगहों पर भगवान विष्णु की आकृति बनायी गई थी।

## ऑफ बीट

# क्या एलियन सचमुच हैं और ब्रह्मांड में छिपे हुए हैं ?

क्या एलियन सचमुच हैं, क्या उन्होंने कभी पृथ्वी से संपर्क किया है ? इस बारे में कोई निश्चित कारण या प्रमाण नहीं हैं। इसकी चर्चा भले ही होती है लेकिन इस बारे में कुछ भी विश्वसनीय नहीं है। भौतिक विज्ञानी एनरिको फर्मी को यह अजीब लगा। उन्होंने 1950 के दशक में एक फार्मूला पेश किया जिसे अब 'द फर्मी पैराडॉक्स' कहा जाता है। यह अब भी पराग्रही जीवन (सेटी) की खोज और अंतरिक्ष में सिग्नल से संदेश भेजने (मेटी) के लिए महत्वपूर्ण है। पृथ्वी लगभग 4.5 अरब वर्ष पुरानी है और जीवन कम से कम 3.5 अरब वर्ष पुराना है। ब्रह्मांड को देखते हुए जीवन के लिए अनुकूल परिस्थितियां कई बार घटित होने की संभावना है। तो हर कोई कहां है?



यह मुद्दा नेटफ्लिक्स के '3 बॉडी प्रॉब्लम' के पहले एपिसोड में एक किरदार को उलझाता है। ये वेन्जी नामक इस किरदार को एक रेडियो वेधशाला में काम करते हुए, एक एलियन से एक संदेश मिलता है। संदेश प्रेषक खुद को शांतिवादी बताते हुए जवाब न देने का आग्रह करता है और ऐसा न होने पर पृथ्वी पर हमले की चेतावनी भी देता है। या तो आगे की कहानी जानने के लिए श्रृंखला के दूसरे सीज़न तक इंतजार करना होगा।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर
शनिवार, 6 अप्रैल 2024
चैत्र कृष्ण पक्ष द्वादशी
वर्ष : 22, अंक : 258
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

**मौसम**
अधि. 41.4
न्यून. 26.9

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

06
'पुष्पा 2' की श्रीवल्ली का पहला लुक



विचार पेज
भाजपा ने देश को दिलाई नई पहचान




# बदल गया शराब खरीदने का नियम, अब बीयर हो या वाइन...एक व्यक्ति को सिर्फ एक बोतल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में आबकारी विभाग के नये नियम के तहत अब शराब दुकान के काउंटर से एक व्यक्ति एक बार में शराब या बियर की एक बोतल ही खरीद पाएगा। दूसरी बोतल खरीदने के लिए उसे दूसरी दुकान जाना होगा या फिर करीब एक-दो घंटे के बाद वह उसी दुकान में आकर शराब ले पाएगा। इससे पहले काउंटर से 4 बोतल तक खरीदने का नियम था। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि नियम में यह बदलाव शराब व बियर का अवैध संग्रहण और अवैध बिक्री पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रीमियम शराब दुकानों की तुलना में देशी शराब दुकानों में ज्यादा भीड़ रहती है, इसलिए अद्धी व ▶▶|शेष पेज 2 पर

खास खबर

**अवैध संग्रहण एवं बिक्री पर नियंत्रण करने विभाग ने किया नियम में बदलाव**



### रख सकते हैं 3 लीटर तक शराब पुराने नियम में बदलाव नहीं

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि शराब दुकान में शराब की बोतल खरीदने के नियम में बदलाव किया गया है, लेकिन प्रति व्यक्ति 3 लीटर शराब रख सकता है। इस नियम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। प्रति व्यक्ति 3 लीटर तक शराब रख सकता है। इसके लिए प्रति व्यक्ति चाहे तो एक दिन में अलग-अलग टाइम में शराब दुकान से 3 बोतल शराब खरीद सकता है।

### शराब दुकानों में बढ़ेगी भीड़ खरीदार भी होंगे परेशान

दुकान में शराब बिक्री के नये नियम से शराब दुकानों में पहले से और ज्यादा भीड़ बढ़ सकती है, जिससे खरीदारों की परेशानी भी बढ़ेगी। प्रति व्यक्ति एक टाइम में एक बोतल शराब मिलने से दुकान में कई खरीदार बार-बार दुकान में लाइन लगाकर शराब की बोतल लेंगे। खासकर बियर के शौकीन लोगों की ज्यादा भीड़ रहेगी, ▶▶|शेष पेज 2 पर

### अवैध संग्रहण व बिक्री रोकने नियम में बदलाव

शराब बिक्री नियम में बदलाव हुआ है। इसके तहत प्रति व्यक्ति एक टाइम में एक बोतल शराब ही बेची जाएगी। प्रति व्यक्ति 3 लीटर शराब रख सकता है। यह नियम यथावत है।


\- **विकास गोस्वामी,** उपायुक्त आबकारी विभाग

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### मदरसा अधिनियम को रद्द करने वाले आदेश पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के मदरसा अधिनियम को रद्द करने वाले इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर रोक



लगा दी है। हाई कोर्ट ने धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करने के लिए उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद अधिनियम, 2004 को असंवैधानिक करार दिया था।

### असम में 210 करोड़ की हेरोइन जब्त, एक गिरफ्तार

**कछार (असम)।** असम में इन दिनों ड्रग्स मुक्त राज्य की दिशा में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एसटीएफ असम और



कछार पुलिस ने 21 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 210 करोड़ रुपये है। हीरोइन के साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया है।

### मिनी ट्रक-ट्रेलर में टक्कर पांच की मौत, पांच घायल

**चंडीगढ़।** पंजाब के फरीदकोट जिले में एक मिनी ट्रक और एक ट्रेलर की टक्कर में कम से कम पांच लोगों की मौत हो



गयी, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना कोटकपुरा-मोगा रोड पर हुई जब 10 यात्रियों को ले जा रहा एक मिनी ट्रक एक ट्रेलर ट्रक से टकरा गया।

### अरुणाचल में वाहन से एक करोड़ नकद जब्त

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात उड़न दस्ते और सर्विलांस टीम ने लॉन्गडिंग जिले में एक वाहन



से एक करोड़ रुपये की नकदी जब्त की है। पुलिस ने बताया कि यह वाहन एक निजी निर्माण कंपनी के कार्यकारी निदेशक हर्षवर्धन सिंह के नाम पर पंजीकृत है। अधिकारी के मुताबिक, यह वाहन मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा के काफिले के पीछे-पीछे जा रहा था।

## कांग्रेस का न्यायपत्र जारी, पांच न्याय, 25 गारंटी, सभी वर्गों को साधने की कोशिश

# गरीब परिवार की एक महिला को हर साल एक लाख 30 लाख नौकरियां, भूमिहीनों को मिलेगी जमीन!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष पी. चिदंबरम और कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, सचिन पायलट सहित अन्य सदस्य लोकसभा चुनाव, 2024 के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी करते समय मौजूद रहे। इस घोषणा पत्र में तमाम वर्गों के लिए न्याय पर जोर दिया गया है जिसमें महिला, युवा, किसान, गरीब आदि शामिल हैं। पार्टी ने घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि देश में बेरोजगारी बड़ी समस्या है और यह सरकार अमीरों के लिए है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस घोषणा पत्र में भविष्य के शानदार भारत की तस्वीर नजर आती है। पार्टी ने वादा किया है कि देश में उसकी सरकार बनने पर वह जाति आधारित जनगणना कराएगी और आरक्षण की अधिकतम सीमा को 50 प्रतिशत से बढ़ाया जाएगा। कांग्रेस ने यह भी कहा है कि वह आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलने वाले 10 प्रतिशत आरक्षण को सभी वर्गों के गरीबों के लिए बिना भेदभाव के लागू करेगी। घोषणा पत्र में यह भी कहा गया है कि सरकार में आने के बाद नई शिक्षा नीति को लेकर राज्य सरकारों के साथ परामर्श कर इसमें संशोधन किया जाएगा। पार्टी ने अपने ▶▶|शेष पेज 2 पर

*लोकसभा चुनाव के पूर्व कांग्रेस पार्टी ने अपना चुनाव घोषणा पत्र जारी कर दिया है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को 'न्याय पत्र' नाम दिया है। इस घोषणा पत्र में 5 न्याय और 25 गारंटी तथा 30 लाख नौकरी देने की बात कही गई है। पार्टी ने जाति जनगणना कराने, आरक्षण की सीमा बढ़ा कर 50 प्रतिशत से अधिक करने, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी देने और नई शिक्षा नीति में संशोधन करने, नौकरी के लिए परीक्षाओं को निःशुल्क करने व जरूरतमंद परिवारों की महिलाओं को एक लाख रुपए प्रतिवर्ष देने समेत कई वादे किए गए हैं।*

### जनता अब भ्रम में नहीं फंसने वाली : सुधांशु

कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि ये कांग्रेस का न्याय पत्र नहीं, झूठ का पुलिंदा है और अब जनता उनके भ्रम में नहीं फंसने वाली। उन्होंने कहा कि इसमें राहुल गांधी की पसंदीदा जगह न्यूयॉर्क और थाईलैंड की फोटो का इस्तेमाल किया गया है। त्रिवेदी ने कहा कि अब तक, वे विदेश जाकर भारत और पीएम नरेंद्र मोदी को बदनाम करते रहे हैं लेकिन अब वे अपने लिए विदेशी तस्वीरें उधार ले रहे हैं। त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल के दौरान केंद्र या राज्य में अपने घोषणापत्र में किए गए किसी भी वादे को पूरा नहीं किया है।

### युवाओं के लिए क्या है खास

1. पहली नौकरी पक्की गारंटी देने के लिए प्रशिक्षु (अप्रेंटिस) एक्ट, 1961 को हटाकर प्रशिक्षुता (अप्रेंटिसशिप) अधिकार अधिनियम लाया जाएगा। यह कानून 25 वर्ष से कम उम्र के प्रत्येक डिप्लोमा धारक या कॉलेज स्नातक के लिए, निजी एवं सरकारी क्षेत्र की कंपनी में एक साल का प्रशिक्षुता कार्यक्रम ▶▶|शेष पेज 2 पर



**कांग्रेस की गारंटी**

| महालक्ष्मी गारंटी | आधी आबादी पूरा हक | शक्ति का सम्मान | अधिकार मैत्री | सावित्री बाई फुले हॉस्टल |
|---|---|---|---|---|
| कांग्रेस ने गारंटी दी है कि सभी गरीब परिवार की एक महिला को सालाना 1 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। | इस गारंटी के तहत केंद्र सरकार की नई नियुक्तियों में आधा हक महिलाओं को मिलेगा। यह नियुक्तियां सभी विभागों में की जाएंगी। | इस योजना के तहत आंगनवाड़ी, आशा और मिड-डे मील वर्कर्स के मासिक वेतन में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना होगा। | हर पंचायत में महिलाओं को उनके हक के लिए जागरूक करने और जरूरी मदद के लिए अधिकार मैत्री के रूप में एक कानूनी सहायक होगा। | सभी जिला मुख्यालयों में कामकाजी महिलाओं के लिए कम से कम एक हॉस्टल बनाएंगे और देश में इनकी संख्या दोगुनी की जाएगी। |

### किस वर्ग के लिए क्या

1. राष्ट्रव्यापी आर्थिक-सामाजिक जाति जनगणना।
2. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं गरीब सामान्य वर्ग को मिलने वाले आरक्षण पर 50% का कैप हटाया जाएगा।
3. शिक्षा एवं नौकरियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलने वाले 10% आरक्षण को बिना किसी भेदभाव के सभी जाति और समुदाय के लोगों के लिए लागू किया जाएगा।
4. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सभी रिक्त पदों को 1 साल के भीतर भरा जाएगा।
5. सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में संविदा भर्तियों की जगह नियमित भर्तियां और अभी जो संविदा कर्मी हैं उनका नियमितीकरण किया जाएगा।
6. भूमिहीनों को जमीन दी जाएगी।
7. व्यापक परामर्श के बाद पार्टी समलैंगिक समुदाय से संबंधित जोड़ों के बीच सिविल यूनियनों को मान्यता देने के लिए एक कानून लाया जाएगा।

## कैसे तैयार हुआ कांग्रेस का घोषणापत्र, समिति के संयोजक सिंहदेव ने बताया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस पार्टी का घोषणापत्र तैयार करने वाली समिति में छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव संयोजक के रूप में शामिल थे, उन्होंने बताया कि यह घोषणापत्र करीब दो महीने की मशक्कत के बाद तैयार हुआ है।

हरिभूमि तत्काल

पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी. चिदंबरम इस समिति के अध्यक्ष थे, उन्होंने घोषणापत्र के हर वादे को आर्थिक आधार पर तौला और उन्हीं घोषणाओं की मंजूरी दी, जो सरकार बनने पर लागू की जा सकती है। हरिभूमि से चर्चा करते हुए श्री सिंहदेव ने ये भी कहा कि घोषणापत्र जमीन पर पांव रखकर बनाया गया है। टीएस सिंहदेव से यह पूछे जाने पर कि घोषणापत्र वैसे तो पूरे देश के लिए ▶▶|शेष पेज 2 पर

### वन कानून बदले जाएंगे

कांग्रेस के घोषणा पत्र में वन कानून में बदलाव की बात कही गई है। इसका सीधा प्रभाव छत्तीसगढ़ पर भी होगा। पेसा एक्ट को मजबूत किया जाएगा। आंगनबाड़ी सहायिकाओं का वेतन दुगना होगा। खदान क्षेत्रों में पंचायतों की सहमति के बिना कुछ नहीं किया जा सकेगा। कृषि विज्ञान केंद्र बनाए जाएंगे। पर्यावरण और उर्जा के क्षेत्र में काम होगा। हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोलने की बात कही गई है इसका लाभ छत्तीसगढ़ को भी मिलेगा। ऐसे उद्योग लगाए जाएंगे जिससे अधिक संख्या में रोजगार मिल सके।

### चार से पांच लाख करोड़ मिलेंगे महिलाओं को

कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में हर गरीब महिला को साल में एक लाख रुपए देने की बात कही गई है। श्री सिंहदेव ने बताया कि इस योजना के लिए हर साल चार से पांच लाख करोड़ रुपए लगेंगे। कोई भी परिवार जिसकी आय एक लाख रूपए सालाना से कम है उसे योजना में शामिल किया जाएगा। महिलाओं को उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि दी जाएगी। कोई गरीब परिवार जिसमें कोई महिला नहीं है तो उस परिवार को पुरूष को राशि दिए जाने का प्रावधान भी है।

# खुलेआम चल रहा था डालडा व तेल मिलाकर नकली घी बनाने का कारोबार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

शहर के डालडा व सोयाबीन तेल मिलाकर नकली घी बनाए जाया था। नकली घी बनाने के इस कारोबार का भांडाफोड़ जिला प्रशासन व फूड सेफ्टी विभाग की संयुक्त कार्रवाई से हुआ है। संयुक्त टीम ने जब शहर के बीच एक किराए के मकान में दबिश दी तो उनके भी होश उड़ गए। व्यापारी द्वारा यहां खुलेआम वनस्पति घी व ▶▶|शेष पेज 2 पर

हरिभूमि सरोकार

### चल रही है जांच

सूचना के आधार पर प्रशासन व खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम जांच के लिए पहुंची थी। जांच के दौरान उपस्थित व्यक्ति राकेश ओमप्रकाश बंसल द्वारा सोयाबीन तेल तथा वनस्पति से घी का निर्माण किया जा रहा था। व्यवसायी के पास कोई वैध दस्तावेज या लाइसेंस नहीं था। मौके से साढ़े सात लाख रुपए के तेल घी बरामद किए गए है। मिलावट की आशंका पर नमूनों को जांच के लिए रायपुर भेजा जाएगा। फिलहाल नकली घी, तेल व वनस्पति घी को जब्त कर जांच की जा रही है।

\- **आर आर देवांगन**
वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी

## लाठी से पीएम का सिर फोड़ने वाले की तलाश पड़ी भारी

# आयोग के आदेश पर नेता प्रतिपक्ष महंत के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल के नामांकन रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ स्पीच देना नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत को भारी पड़ गया। लाठी से पीएम का सिर फोड़ने की तलाश वाले भाषण को भारत निर्वाचन आयोग ने गंभीरता से लेते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी को एफआईआर के आदेश जारी किए है।

इधर प्रशासनिक अफसरों ने देर शाम कोतवाली थाने पहुंचे है। पुलिस ने श्री महंत के खिलाफ धारा 506 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल के नामांकन रैली में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा था कि उन्हें ऐसे व्यक्ति की तलाश है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिर पर लाठी मार सके। हालांकि इस स्पीच के बाद बढ़ते विरोध और आक्रोश को देखते हुए श्री महंत ने दूसरे दिन ही बयान जारी कर कहा था कि उन्हें ऐसा



कुछ नहीं कहा, बल्कि जो लोग छत्तीसगढ़ी नहीं समझते है, वे लोग विवाद की स्थिति निर्मित कर रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ हेट स्पीच के मामले में भाजपा ने भी भारत निर्वाचन आयोग से शिकायत की थी। आयोग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कांग्रेस के स्टार प्रचारक डॉ. चरण दास महंत के खिलाफ कार्यवाही करने के आदेश जारी किए। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक जिला निर्वाचन अधिकारी ने आयोग के निर्देश पर कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराने पहुंचे है। पुलिस द्वारा धारा 506 के तहत एफआईआर दर्ज किया जा रहा है।

### घमंड तोड़ने का था आशयः भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस से राजनांदगांव के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल ने कहा है कि भाजपा के नेताओं ने गलत समझा, छत्तीसगढ़ी लोकोक्ति को ठीक तरह से समझ नहीं पाए। उन्होंने कहा है, जो कुछ नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा वह छत्तीसगढ़ी भाषा के मुहावरे में कही गई बात है। लोकोक्तियों से समृद्ध छत्तीसगढ़ी भाषा को जानने समझने वाला और छत्तीसगढ़ी लोक जीवन से जुड़ा हर व्यक्ति इसे जानता है, उनका आशय घमंड तोड़ने से था। श्री बघेल ने कहा है किंतु इस तथ्य के बावजूद महंत जी ने विनम्रता से कहा है कि अगर इसका गलत अर्थ निकाला गया है तो वे खेद व्यक्त करते हैं।

## बीएसएनएल टावर को भी किया आग के हवाले

# मुखबिरी का आरोप, नक्सलियों ने उतारा युवक को मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के सीतागांव थाना क्षेत्र के पीटेमेटा गांव में नक्सलियों ने खूनी खेलकर एक युवक को मौत के घाट उतार दिया है।

■ **20 दिन पहले नक्सल हलचल के बीच मानपुर इलाके में दहशत का वातावरण हो गया निर्मित**

गला रेतकर हत्या के पश्चात सशस्त्र नक्सलियों ने गांव में स्थापित बीएसएनएल का टावर को आग के हवाले कर दिया है।

इधर लोकसभा चुनाव के 20 दिन पहले नक्सल हलचल के बीच मानपुर इलाके में दहशत का वातावरण निर्मित हो गया है। मानपुर विकासखंड के सीतागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत पीटेमेटा गांव में गुरुवार रात 9 बजे के लगभग सशस्त्र नक्सली आ धमके।



### नक्सलियों ने घर में घुसकर निकाला

बताया जा रहा है कि घर में घुसकर युवक प्रेमसिंह घावड़े को निकालते हुए नक्सलियों ने घर से उसे दूर ले गए और पुलिस मुखबिर होने का आरोप लगाते गला रेतकर युवक को मौत के घाट उतार दिया। हत्या के पश्चात नक्सलियों ने गांव में स्थापित बीएसएनएल टावर को भी क्षतिग्रस्त करते आग के हवाले कर दिया है। मौके पर नक्सलियों ने आरकेबी डिवीजन कमेटी के नाम पर बेहद संख्या में पर्चा पाम्प्लेट घटनास्थल पर छोड़े हुए हैं।

## जैकेट के शेष

### बिजली स्टेशन में आग ....

पुलिसकर्मियों ने हटाया ज्वलनशील पदार्थ

ट्रांसफार्मर गोदाम में आग फैलने की बड़ी वजह वहां रखे ज्वलनशील पदार्थ से भरे ड्रमों को बताई जा रही है। गोदाम में जहां ट्रांसफार्मर रखे गए थे, उसके करीब ही भारी संख्या में ट्रांसफार्मर में उपयोग में आने वाले ज्वलनशील ऑयल के ड्रम रखे थे। ट्रांसफर्मर में आग लगने के बाद आग की लपटे ज्वलनशील ऑयल तक पहुंच गया और ज्वलनशील ऑयल से भरे ड्रम भी आग की चपेट में आने लगे। मौके पर राहत कार्य में जुटी पुलिस की नजर जैसे ही ड्रम में भरे ज्वलनशील ऑयल पर पड़ी आनन-फानन में पुलिसकर्मी मौके से ऑयल से भरे ड्रम को हटाने के कार्य में जुट गए।

## पेज एक के शेष

### बदल गया शराब खरीदने...

पौवा खरीदने वालों को राहत दी गई है। दुकान से प्रति व्यक्ति एक बार में 2 अद्धी या 4 पौवा भी खरीद सकता है। छत्तीसगढ़ में आबकारी विभाग के नियम में कई बदलाव किए गए हैं। नये नियम के तहत शराब की कीमतें जहां बढ़ाई गई हैं, वहीं शराब का अवैध संग्रहण और बिक्री रोकने के लिए शराब दुकान में प्रति व्यक्ति शराब बेचने के नियम में भी बदलाव किया गया है। इस नियम के तहत अब कोई भी व्यक्ति किसी भी शराब दुकान से एक टाइम में शराब की एक बोतल ही खरीद पाएगा।

### शराब दुकानों में बढ़ेगी...

क्योंकि बियर पीने वालों में कई लोग ऐसे हैं, जो 1 से ज्यादा बियर पीते हैं। इसके लिए उन्हें अब कई बार लाइन में लगकर खरीदना पड़ेगा। इससे दुकानों में भीड़ और ज्यादा बढ़ेगी।

### गरीब परिवार की एक...

घोषणापत्र में कहा है कि जो नेता भ्रष्टाचार के मामलों से बचने के लिए भाजपा में शामिल हुए, उनके मामलों को फिर से खोला जाएगा और जांच कराई जाएगी।

**घोषणा पत्र में थाईलैंड और न्यूयॉर्क की तस्वीरें: भाजपा :** कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर भाजपा नेता सुधाुशु त्रिवेदी ने कांग्रेस को टारगेट किया है। उन्होंने कहा कि इसकी गंभीरता को इस बात से समझा जा सकता है कि इसमें न्यूयॉर्क और थाईलैंड की फोटो का इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने फोटो को दिखाते हुए कहा कि यह तस्वीर राहुल गांधी की पसंदीदा जगह थाईलैंड की है। यही कांग्रेस के घोषणापत्र में डाली गई है। त्रिवेदी ने कहा कि चिंता की बात यह है कि ये तस्वीरें विदेशी संस्थाओं की हैं। अब तक, वे विदेश जाकर भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बदनाम करते रहे हैं लेकिन अब वे अपने लिए विदेशी तस्वीरें उधार ले रहे हैं। त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल के दौरान केंद्र या राज्य में अपने घोषणापत्र में किए गए किसी भी वादे को पूरा नहीं किया है।

### महिलाओं के लिए ...

1. प्रत्येक गरीब भारतीय परिवार को बिना शर्त नकद हस्तांतरण के रूप में एक लाख रुपए प्रति वर्ष प्रदान करने के लिए एक महालक्ष्मी योजना शुरू करने का संकल्प लिया है। हितग्राहियों की पहचान सबसे जरूरतमंद परिवारों में से की जाएगी। 2. यह राशि सीधे घर की सबसे बुजुर्ग महिला के बैंक खाते में स्थानांतरित की जाएगी। बुजुर्ग महिला के नहीं रहने पर इसे परिवार के सबसे बुजुर्ग सदस्य के खाते में स्थानांतरित किया जाएगा। 3. कांग्रेस ने कहा कि संविधान का (106वां) संशोधन अधिनियम में कुटिल प्रावधान हैं। कांग्रेस इन कुटिल प्रावधानों को हटा देगी और संशोधन अधिनियम को तुरंत लागू किया जाएगा। महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण उन राज्य विधानसभाओं में लागू हो जाएगा, जो 2025 के विधानसभा चुनावों में चुनी जाएंगी। 4. 2025 से महिलाओं के लिए केंद्र सरकार की आधी (50 प्रतिशत) नौकरियां आरक्षित किया जाएगा। 5. महिलाओं के वेतन में भेदभाव को रोकने के लिए 'समान काम, समान वेतन' का सिद्धांत लागू किया जाए। 6. कांग्रेस महिलाओं को दिए जाने वाले संस्थागत ऋण की मात्रा में उल्लेखनीय वृद्धि किया जाएगा। 7. विवाह, उत्तराधिकार, विरासत, गौद-लेना, संरक्षकता आदि के मामलों में महिलाओं और पुरुषों का समान अधिकार होना चाहिए। सभी कानूनों की समीक्षा किया जाएगी।

### किसानों के लिए...

1. स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी दी जाएगी। 2. कृषि लागत एवं मूल्य आयोग को एक वैधानिक निकाय बनाया जाएगा। 3. खरीद केंद्रों और एपीएमसी पर किसान-विक्रेता को देय न्यूनतन समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) सीधे किसान के बैंक खाते में डिजिटल रूप से जमा किया जाएगा। 4. फसल बीमा को खेत और किसान के अनुरूप बनाया जाएगा। किसान से बीमा राशि के अनुसार प्रीमियम लिया जाएगा और सभी वावीं का निपटान 30 दिनों के भीतर किया जाएगा। 5. बड़े गांवी और छोटे शहरों में किसानों के लिए खुदरा बाजार स्थापित किया जाएगा, ताकि किसान अपनी उपज ला सकें और उपभोक्ताओं को बेच सकें।

### शिक्षा के लिए...

1. सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से कक्षा 12 तक की शिक्षा को निःशुल्क एवं अनिवार्य बनाने के लिए शिक्षा का अधिकार (आर.टी.ई.) अधिनियम में में संशोधन। 2. सरकारी स्कूलों में विभिन्न प्रयोजनों के लिए विशेष शुल्क लेने की प्रथा को समाप्त किया जाएगा। 3. राज्य सरकारों के परामर्श से केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की संख्या बढ़ाया जाएगा।

### संविधान रक्षा का...

1. कांग्रेस ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव' के विचार को अस्वीकार करती है। 2. ईवीएम की दक्षता और मतपत्र की पारदर्शिता को संयोजित करने के लिए चुनाव कानूनों में संशोधन। मतदान ईवीएम के माध्यम से होगा, लेकिन मतदाता मशीन से उत्पन्न मतदान पर्ची को वीवीपैट इकाई में रख और जमा कर सकेंगे। इलेक्ट्रॉनिक वोट मिलान का मिलान वीवीपैट पर्ची मिलान से किया जाएगा। 3. संविधान की दसवीं अनुसूची में संशोधन किया जाएगा और दलबदल करने वाले विधायक वा सांसद को विधानसभा या संसद की सदस्यता से स्वतः अयोग्य घोषित किया जाएगा। 4. भोजन और पहनावे, प्यार और शादी एवं भारत के किसी भी हिस्से में यात्रा और निवास की व्यक्तिगत पसंद में हस्तक्षेप नहीं। सभी कानून और नियम जो अनुचित रूप से हस्तक्षेप करते हैं उन्हें रद्द किया जाएगा। 5. संसद के दोनों सदन साल में 100 दिनों के लिए चलेंगे। सप्ताह में एक दिन प्रत्येक सदन में विपक्षी बेंच द्वारा सुझाए गए एजेंडे पर चर्चा के लिए समर्पित किया जाएगा। दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों को किसी भी राजनीतिक दल से अपना संबंध तोड़ना होगा, तटस्थ रहना होगा। 6. योजना आयोग को बहाल किया जाएगा। 7. पुलिस, जांच और खुफिया एजेंसियां सख्ती से कानून के अनुसार काम करेंगी। जिन बेलगाम शक्तियों का अभी वो प्रयोग करते हैं, उन्हें कम कर दिया जाएगा। जैसा भी मामला ही, उन्हें संसद या राज्य विधानमंडलों की निगरानी में लाया जाएगा। 8. कानून को शस्त्र बनाकर उपयोग करने, मनमानी तलाशी, जब्ती और कुर्की, मनमानी और अंधाधुंध गिरफ्तारियां, थर्ड डिग्री तरीकों, लंबी हिरासत, हिरासत में मौतों और बुलडोजर न्याय को समाप्त करने का वादा।

**लोकसभा चुनाव 2019 के लिए क्या घोषणा-पत्र था? :** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव 2019 के लिए जन-आवाज नाम से घोषणा-पत्र जारी किया था। घोषणा-पत्र में किसान और रोजगार सबसे बड़े मुद्दे थे।

**पिछले घोषणा-पत्र की बड़ी बातें :** हर साल 20 फीसदी गरीबों को न्याय योजना के तहत 72 हजार रुपये सालाना आर्थिक मदद। मार्च 2020 तक 22 लाख खाली पड़े पदों पर भर्ती। हिंसक भीड़ पर रोक, लोकसभा में नया कानून। युवाओं को पक्का रोजगार। जीएसटी को आसान। मनरेगा में 100 दिन से बढ़ाकर 150 दिन रोजगार गारंटी। ग्राम पंचायत में 10 लाख नौकरियां। जीडीपी का 6 फीसदी हिस्सा शिक्षा के लिए खर्च। किसान कर्ज न चुका पाएं तो आपराधिक मामला नहीं।

**लोकतंत्र व संविधान बचाने चुनाव : राहुल :** घोषणापत्र जारी करने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि आज संविधान पर बड़ा खतरा है। इंडिया अलायंस इसे बचाने के लिए जुटा है। कांग्रेस सांसद ने आगे कहा कि ये लड़ाई मौलिक अधिकारों को लेकर है। भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र और संविधान पर लगातार हमला कर रही है।

### युवाओं के लिए क्या...

प्रदान करेगा। इस कानून के तहत, हर प्रशिक्षु को एक लाख रुपए प्रति वर्ष का मानदेय दिया जाएगा। 2. नौकरी परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्र लीक होने के मामलों का निपटारा करने के लिए फास्ट-ट्रैक अदालतों का गठन और पीड़ितों को आर्थिक मुआवजा। 3. केंद्र सरकार में विभिन्न स्तरों पर स्वीकृत लगभग 30 लाख रिक्त पदों को भरा जाएगा। 4. टार्ट-अप के लिए फंड ऑफ फंड्स योजना का पुनर्गठन किया जाएगा और उपलब्ध फंड का 50 प्रतिशत, 5,000 करोड़ रुपए देश के सभी जिलों में समान रूप से आवंटित किया जाएगा। 5. उन आवेदकों को एक बार कि राहत मिलेगी, जो महामारी के समय 1 अप्रैल 2020 से 30 जून 2021 के दौरान सरकारी परीक्षा नहीं दे सके। 6. सरकारी परीक्षाओं और सरकारी पदों के लिए आवेदन शुल्क समाप्त किया जाएगा। 7. सभी छात्र शैक्षिक ऋणों के संबंध में 15 मार्च 2024 तक ब्याज सहित ऋण की देय राशि को माफ किया जाएगा और बैंकों को सरकार द्वारा प्रतिपूर्ति की जाएगी। 8. 21 वर्ष से कम आयु के प्रतिभाशाली और उभरते खिलाड़ियों को प्रति माह 10,000 रुपये की खेल छात्रवृत्ति प्रदान किया जाएगा।

### कैसे तैयार हुआ कांग्रेस...

है, लेकिन इसके प्रावधान में छत्तीसगढ़ के लिए क्या संभावनाएं हैं? उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों के न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी का पूरा लाभ मिलेगा। यहां की गरीब महिलाओं को साल में एक लाख रूपए दिए जाएंगे। 25 साल से कम आयु के डिप्लोमाधारक या कॉलेज स्नातक के लिए निजी एवं सरकारी क्षेत्र की कंपनियों में एक साल की ट्रेनिंग दी जाएगी और एक लाख रूपए साल दिए जाएंगे। यह करने के लिए कांग्रेस प्रशिक्षुता अधिकार अधिनियम लाएगी। इसके साथ ही अप्रेंटिस एख्ट 1961 खत्म किया जाएगा। **किसानों को ऐसे मिलेगा एमएसपी गारंटी का लाभ :** श्री सिंहदेव ने बताया कि घोषणा पत्र में एमएसपी की गारंटी देने की बात कही गई है। आंकलन के हिसाब से इस काम में सालाना 21 हजार करोड़ या अधिक की राशि लगेगी। किसान अपनी उपज किसी को भी बेचने के लिए स्वंतत्र होंगे। चाहे तो वे मंडी में, सोसायटी में या निजी व्यापारी को भी उपज बेच सकते हैं। लेकिन गारंटी यही रहेगी की उन्हें समर्थन मूल्य देना पड़ेगा। अगर किसान की उपज समर्थन मूल्य से कम में बिकी तो अंतर की राशि सरकार देगी।

**व्यापारी जीएसटी की उलझन से बचेंगे :** कांग्रेस घोषणा पत्र के मुताबिक जीएसटी के एक या दो स्लैब होंगे। उसमें शून्य से लेकर 14.5 प्रतिशत तक टैक्स लगेगा। अभी के जीएसटी में कुछ आईटम पर 28 प्रतिशत टैक्स और सेस अलग से लगता है। इसी तरह अलग-अलग आईटम पर टैक्स की दर भी अलग -अलग है। इसकी वजह से व्यापारियों को काफी उलझन होती है। एमएसएमई को अभी कार्पोरेट के बराबर टैक्स लगता है। यह टैक्स कम किया जाएगा।

**सभी भर्तियां नियमित होंगी :** केंद्र सरकार द्वारा की जाने वाली नियुक्तियों के बारे में साफ किया गया है कि ये नियुक्तियां नियमित होंगी। अग्निवीर जैसी चार साल की नियुक्त की जगह भी रेग्युलर भर्तियां होंगी। श्री सिंहदेव ने बताया कि कांग्रेस की घोषणा पत्र समिति ने घोषणा पत्र बनाने के लिए देश के सभी राज्यों के प्रभारियों, कई संगठनों, संस्थाओं से बात की। बजडी संख्या में मेल, वाट्सएप, वेबपेज के माध्यम से लाखों सुझाव आए थे। इन पर विचार करने बाद प्राथमिकता के आधार पर घोषणाओं के शामिल किया गया है।

### खुलेआम चल रहा था...

सोयाबीन तेल सहित अन्य केमिकल को मिलाकर नकली घी का निर्माण किया जा रहा था जिसकी बिक्री बाजार में की जाती। हालांकि पकड़े जाने के बाद कारोबारी द्वारा घी को चैत्र नवरात्र के दौरान दीप प्रज्वलन के लिए करने की बात कही जा रही है। फिलहाल टीम द्वारा गोदाम को सील करने के साथ ही मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि आज किसी ने प्रशासन को सूचना दी थी कि शहर के बाबूपारा में नकली घी बनाकर बाजार में खपाने का कारोबार चल रहा है। इस बात की जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर भोस्कर विलास के निर्देश पर एसडीएम के नेतृत्व में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, राजस्व विभाग व पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से बाबूपारा स्थित एक किराए के मकान में छापामार कार्रवाई की गई। टीम जब मौके पर पहुंची तो अधिकारियों के भी होश उड़ गए। मौके पर बड़ी मात्रा में टिन के जार पड़े हुए थे जिनमें डालडा व सोयाबीन तेल पड़ा था। इस दौरान मजदूरों द्वारा वनस्पति घी(डालडा) व सोयाबीन तेल को मिलाकर घी का निर्माण किया जा रहा था इसके साथ ही इस घी में केमिकल मिलाए जाने की संभावना भी जताई जा रही है। शहर के बीच बेखौफ चल रहे नकली घी बनाने के इस गोरखधंधे को महाराष्ट्र से आए व्यापारी द्वारा अंजाम दिया जा रहा था। मौके पर जब पुलिस ने महाराष्ट्र के गोंदिया निवासी राकेश ओमप्रकाश बंसल से पूछताछ की तो उसने बताया कि दो दिन पूर्व ही उसने यह कारोबार शुरू किया है और मंदिरों में नवरात्र के दौरान दीप जलाने के लिए घी बनाया जा रहा था लेकिन इतने बड़े कारोबार को यह व्यक्ति अकेले संचालित नहीं कर सकता। निश्चित रूप से इस व्यापारी को शहर के नकली सामान तैयार कर खपाने वाले किसी स्थानीय गिरोह व कारोबारियों का समर्थन मिला होगा।

**साढ़े सात लाख का तेल घी बरामद :** आज शहर के बाबूपारा में चल रही कार्रवाई के दौरान वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर आर देवांगन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रशांत तिवारी व तहसीलदार उमेश बाज की मौजूदगी में टीम द्वारा मौके से किंग सोयाबीन तेल 15 लीटर के 81 टिन, रजनी वनस्पति घी 15 लीटर के 57 टिन, बना हुआ नकली घी 15 लीटर के 98 टिन बरामद किया गया है। इसके साथ ही टीम ने मौके पर 150 लीटर के आठ ड्रम भी बरामद किए है। कार्रवाई के दौरान टीम द्वारा लगभग साढ़े सात लाख रुपए के 4 हजार लीटर तेल घी को जब्त किया गया है। वहीं मौके पर टीम को घरेलु उपयोग वाले गैस सिलेंडर व चूल्हा भी मिले है जिसे जब्त किया गया है। अधिकारी अब जब्त किए गए सैंपल मिलावट की शंका के आधार पर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेज रहे है।

**शहर में खपाने की थी तैयारी :** शहर के बीच बेखौफ होकर बनाए जा रहे इस नकली घी को शहर व जिले के बाजार में खपाए जाने की तैयारी थी। बताया जा रहा है कि व्यवसायी राकेश ओमप्रकाश बंसल द्वारा नकली घी को बनाकर पैक किया जा रहा था और इसको बाजार में बेचा जाता। जिसका उपयोग लोग अपने घरों में खाने में करते। शुद्ध घी के नाम पर डालडा व तेल का मिश्रण लोगों को खिलाए जाने की तैयारी थी। इसके साथ ही जिन लोगों को सोयाबीन तेल से एलर्जी होती है वो भी इस तेल का उपयोग घी के रूप में करते तो उन्हें निश्चित रूप से नुकसान उठाना पड़ता। **नहीं ली गई थी अनुमति :** जांच के दौरान जब टीम ने व्यवसायी राकेश ओमप्रकाश बंसल से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसके द्वारा डालडा व सोयाबीन तेल को मिलकर घी बनाया जा रहा था। व्यवसायी की योजना नवरात्र के दौरान मंदिरों में जलने वाले मनोकामना दीप के लिए घी तैयार कर बेचने की थी लेकिन व्यवसायी के पास नकली घी निर्माण की कोई अनुमति नहीं थी। इसके साथ ही खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत खाद्य पंजीयन नहीं था। तेल व डालडा से बनाए जा रहे नकली घी के डिब्बे पर लेबल भी नहीं लगाया गया था कि वह खाने योग्य है या नहीं। ऐसे में निश्चित रूप से इस नकली घी को लोग अपने खाने में भी उपयोग करते। वहीं व्यवसायी द्वारा पूजा के लिए भी नकली घी बेची जा रही थी जबकि श्रद्धालु आस्था के अनुसार शुद्ध घी का उपयोग पूजा व मनोकामना दीप के लिए करते है।

# पाकिस्तान में दुश्मनों को चुन-चुनकर मार रहा भारत, मोसाद के नक्शे कदम पर रॉ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान में पिछले कुछ सालों में एक के बाद एक भारत के दुश्मन अचानक गायब हो रहे हैं। अब इसको लेकर एक ब्रिटिश अखबार ने अपनी खबर में चौंकाने वाला दावा किया है। द गार्जियन ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऑफिस (पीएमओ) ने पाकिस्तान में आतंकियों की हत्या का आदेश दिया है। रिपोर्ट में भारतीय और पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों के हवाले से ये दावा किया गया है। इसके मुताबिक, भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) ने "विदेशी धरती पर रहने वाले आतंकवादियों को खत्म करने" की रणनीति बनाई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि रॉ को सीधे पीएम मोदी के कार्यालय द्वारा कंट्रोल किया जाता है। इसमें ये भी कहा गया है कि रॉ अपनी इजरायली समकक्ष मोसाद के नक्शेकदम पर है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की खुफिया एजेंसी ने कथित तौर पर 2019 के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक अलग दृष्टिकोण अपनाया और विदेशों में हत्याएं करना शुरू कर दिया। बता दें कि यह तीसरी बार है जब भारत पर विदेशी धरती पर लोगों की हत्या या हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है।

## ब्रिटिश अखबार ने किया दावा



### सफाया कर रहे भारतीय स्लीपर सेल

रिपोर्ट के मुताबिक, ताजा दस्तावेजों से पता चलता है कि भारत के दुश्मनों को भारतीय खुफिया स्लीपर सेल खत्म कर रही है। ये स्लीपर सेल ज्यादातर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से ऑपरेट करती है। ये लोग उनका सफाया कर रहे हैं जिन्हें पीएम मोदी के ऑफिस ने भारत का दुश्मन बताया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्लीपर सेल ने हत्याओं को अंजाम देने के लिए स्थानीय अपराधियों या गरीब पाकिस्तानियों को लाखों रुपये दिए हैं। 2023 के बाद से इन मौतों में बढ़ोतरी देखी गई है। भारतीय एजेंटों ने गोलीबारी को अंजाम देने के लिए कथित तौर पर जिहादियों को भी भर्ती किया।

### मोसाद और जमाल खशोगी की हत्या कनेक्शन

खुफिया अधिकारी के अनुसार, 2018 में इस्तांबुल में सऊदी वाणिज्य दूतावास में सऊदी पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या कर दी गई थी। इस हत्या ने भारत को भी प्रेरित किया। अधिकारी ने बताया, "जमाल खशोगी की हत्या के कुछ महीने बाद प्रधानमंत्री कार्यालय में खुफिया विभाग के शीर्ष अधिकारियों के बीच इस बात पर बहस हुई थी कि इस मामले से कैसे कुछ सीखा जा सकता है। अधिकारी ने कहा कि भारत ने इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद और रूस की केजीबी से प्रेरणा ली है। इन एजेंसियों के बारे में कहा जाता है कि ये अपने दुश्मनों को विदेशी धरती पर ही खत्म कर देते हैं।

### भारत ने किया आरोपों का खंडन, यह हमारे खिलाफ प्रोपेगेंडा : जयशंकर



ब्रिटिश अखबार 'द गार्जियन' ने अपनी एक रिपोर्ट में भारत पर पाकिस्तान में टारगेट किलिंग के आरोप लगाए हैं। इस पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, "टारगेट किलिंग करना भारत की विदेश नीति में नहीं है।" वहीं, विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आरोप झूठे हैं और भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा चलाया जा रहा है।

## भूकंप का कहर...



पूर्वी ताइवान के हुलिएन शहर में शुक्रवार 5 अप्रैल को आए शक्तिशाली भूकंप के दो दिन बाद एक इमारत आंशिक रूप से ढहती हुई दिखाई दे रही है। बचावकर्मियों ने गुरुवार को लापता लोगों की तलाश की और ताइवान में 25 वर्षों में आए सबसे भीषण भूकंप में फंसे सैकड़ों लोगों तक पहुंचने के लिए काम किया। पहाड़ों से पत्थर और कीचड़ गिरने लगे, जिससे सड़कें अवरुद्ध हो गईं।

## ईरान के हमले की आशंका से इजराइल में जीपीएस ब्लॉक, सेना ने रद्द की छुट्टियां

**तेल अवीव।** सीरिया में इजराइल की एयरस्ट्राइक और ईरान के सैन्य अधिकारियों की मौत के बाद एक और युद्ध की संभावनाएं नजर आने लगी हैं। ईरान की तरफ से हमले की आशंकाओं को देखते हुए इजराइल ने जीपीएस बंद कर दिए हैं ताकि मिसाइल से बचा जा सके। इजराइल को लगता है कि 5 अप्रैल के बाद ईरान कभी भी हमला कर सकता है। ईरान 5 अप्रैल को येरुशलम डे के तौर पर मनाता है। बता दें कि सीरिया की राजधानी में एक ईरानी राजनयिक परिसर में हुए हमले में ईरानी सेना का कमांडर जनरल मोहम्मद रेजा जाहेदी की मौत हो गई थी। 2020 में अमेरिका के ड्रोन हमले में मारे गए मेजर जनरल कासिम सुलेमानी के बाद पहली बार है जब सेना की किसी शीर्ष कमांडर की इस तरह से हत्या कर दी गई है। बता दें कि गाजा में हमास के साथ जारी युद्ध में अप्रत्यक्ष तौर पर ईरान अब तक इजराइल के खिलाफ खड़ा रहा है।

हालांकि इस हमले के बाद दोनों देश आमने-सामने आ सकते हैं। ऐसे में मध्य एशिया में अशांति बढ़ सकती है। वहीं ईरान से हमले की आशंका के बीच इजराइल भी तैयारी में जुट गया है। ऐसे में लगता है कि अगर अब ईरान ने भी जवाब दिया तो एक और युद्ध शुरू हो जाएगा। इजराइल ने अपने जीपीएस और नेविगेशन को बंद करना शुरू कर दिया है। उसे आशंका है कि इजराइल गाइडेड मिसाइल या फिर ड्रोन से हमला कर सकता है।

# पप्पू यादव को कांग्रेस का अल्टीमेटम कहा- पूर्णिया से नामांकन वापस लें

एजेंसी ▶▶ पटना



हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने गुरुवार को बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नॉमिनेशन भरा है। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने उन्हें अल्टीमेटम दिया है।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद ने पप्पू यादव से नॉमिनेशन वापस लेने के लिए कहा है। अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि आलाकमान और कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व इसकी इजाजत नहीं देता है कि कोई भी व्यक्ति निर्दलीय नामांकन दाखिल करे। कोई ऐसा करता है तो कांग्रेस पार्टी स्वीकार नहीं करेगी। अखिलेश ने निखिल कुमार का उदाहरण देते हुए कहा कि औरंगाबाद में उनको टिकट नहीं मिल पाया तो वह नहीं लड़े।

पूर्णिया लोकसभा से पप्पू यादव ने निर्दलीय नामांकन दाखिल कर दिया है। नॉमिनेशन भरने के बाद उन्होंने कहा कि कांग्रेस का समर्थन प्राप्त है, निर्दलीय चुनाव लड़ना पड़ा। बहुत सारे लोगों ने हमारी राजनीतिक हत्या करने की साजिश की। हमेशा से पूर्णया की जनता ने पप्पू यादव को जात-पात से ऊपर रखा है। उन्होंने कहा कि सबकी एक ही आवाज है पप्पू और पूर्णिया।

*आरबीआई गवर्नर ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा की घोषणा करने के दौरान किया ऐलान*

# अब यूपीआई के जरिए कर सकेंगे कैश डिपॉजिट लोगों को एटीएम कार्ड रखने की नहीं पड़ेगी जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



यूपीआई से अब ऑनलाइन कैश ट्रांसफर के साथ ही कई अन्य नए फिचर भी मिलने वाले हैं। दरअसल, अब आप जल्द ही यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए नकदी जमा करने वाली मशीन में कैश डिपॉजिट कर पाएंगे। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2024-25 की पहली मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा की घोषणा करने के दौरान यह ऐलान किया। इस पहल से अब एटीएम कार्ड रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तीन दिवसीय द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति बैठक की समीक्षा पेश करते हुए कहा ''एटीएम में यूपीआई के जरिए कार्ड-रहित नकद निकासी से प्राप्त अनुभव को देखते हुए यूपीआई का उपयोग करके नकदी जमा करने वाली मशीन में पैसा जमा करने की सुविधा भी प्रदान करने का प्रस्ताव है।"

### रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं ईएमआई में नहीं मिली राहत

भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में कोई बदलाव न करने का फैसला लिया है। यह लगातार 7वीं बार है जब आरबीआई ने रेपो रेट को 6.50 फीसदी पर अपरिवर्तित रखा है। नए वित्तीय वर्ष में रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में 5:1 से रेपो रेट में बदलाव न करने का फैसला हुआ है। आरबीआई का तर्क है कि यह मुद्रास्फीति को नियंत्रण में लाने के लिए किया गया है। फिलहाल, लोकसभा चुनाव से पहले लोगों को उम्मीद थी कि रेपो रेट में बदलाव किया जा सकता है लेकिन लोगों को मायूसी हाथ लगी है। इसका मतलब है कि ईएमआई में राहत अभी नहीं मिलेगी।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5473



**बाएँ से दाए**
1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह, टीस, लालसा-3
6. हानि, आपत्ति-2
7. दुश्मनी, बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश, आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. शैतानी, बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा, लालसा-4
24. कवि, गजलकार-3
25. जरा, थोड़ा-2
27. मुलायम, नाजुक-3
28. गुफा, खोह-2
29. प्रियतम, सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह. शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा, गंजा-4
4. पंक्ति, लाइन-3
5. लड़की, पुत्री, बेटी-2
7. वहम, संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा, कसम-3
13. गंगा का पानी-4
15. तीखा, तीक्ष्ण-3
16. आतुर, धैर्यहीन-4
17. संभवतः-3
18. मर्कट, कपि-3
20. गोविंदा, खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना-4
23. साजन, प्रेमी-3
24. संध्या, सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना, मास-2

**शब्द पहेली- 5472 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5484

✶✶✶✶✩ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5483 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |



Reliance
Growth is Life
JioMart
समर रेडी सेल
6th - 8th APRIL
Also at
SMART BAZAAR
JioMart
ऐप डाउनलोड कीजिए!
आ गया है इंडिया का सबसे बड़ा समर सेल
₹100 कैशबैक
आपके पहले ऑर्डर पर
कोल्ड ड्रिंक्स 300 ml / या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
न्यूनतम 25% छूट
एमआरपी ₹40 या उससे अधिक
ट्रॉपिकाना / रियल / बी नैचुरल ज्यूस 1 L (चुनिंदा प्रकार)
न्यूनतम 33% छूट
एमआरपी ₹115 या उससे अधिक
स्लाईस 1.75 L / फ्रूटी 2 L
फ्लैट 33% छूट
एमआरपी ₹99 या उससे अधिक
हमारा मूल्य ₹66 या उससे अधिक
ग्लूकॉन-डी / टैंग 450 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
फ्लैट 20% छूट
एमआरपी ₹135 या उससे अधिक
हमारा मूल्य ₹108 या उससे अधिक
अमूल मस्ती स्पाइस्ड बटरमिल्क 1 L
हमारा मूल्य ₹63
एमआरपी ₹70
बचाइए ₹7
अमूल मस्ती दही 1 kg
हमारा मूल्य ₹70
एमआरपी ₹72
बिस्कुट रेंज 250 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
न्यूनतम 33% छूट
एमआरपी ₹120 या उससे अधिक
टाटा अग्नी लीफ टी 1 kg
बचाइए ₹35
एमआरपी ₹230 या उससे अधिक
हमारा मूल्य ₹195 या उससे अधिक
लेज चिप्स 90 g / अंकल चिप्स 80 g (चुनिंदा प्रकार)
फ्लैट 33% छूट
एमआरपी ₹50 या उससे अधिक
हमारा मूल्य ₹34 या उससे अधिक
टॉप रैमन / चिंग्स सिक्रेट / सनफीस्ट यिप्पी मसाला नूडल्स 240 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
फ्लैट 33% छूट
एमआरपी ₹80 या उससे अधिक
हमारा मूल्य ₹54 या उससे अधिक
गुड लाईफ बादाम वैल्यू पैक / गुड लाईफ बादाम 500 g
हमारा मूल्य ₹309/ ₹349
एमआरपी ₹499 / ₹549
बचाइए ₹190 / ₹200
विठ्ठल बालाजी सुपर वैल्यू काजू 500 g
हमारा मूल्य ₹299
एमआरपी ₹449
बचाइए ₹150
द नट हाउस सुपर किशमिश 500 g
हमारा मूल्य ₹99
एमआरपी ₹199
बचाइए ₹100
फॉर्च्यून राइस ब्रैन हेल्थ ऑयल 3 L+ इंडिया गेट रेग्युलर चॉइस बासमती चावल 5 kg
हमारा मूल्य ₹725
संयुक्त एमआरपी ₹1000
बचाइए ₹275
गुड लाईफ चीनी M 5 kg
हमारा मूल्य ₹215 (₹43 /kg)
एमआरपी ₹300
बचाइए ₹85
इंडिया गेट मिनी मोगरा-II बासमती राइस 10 kg
हमारा मूल्य ₹439 (₹43.90 /kg)
एमआरपी ₹545
बचाइए ₹106
₹60
BHARAT DAL
Chana Dal
nafed
भारत चना दाल 1 kg
अब उपलब्ध है
चक्की आटा 10 kg
CHAKKI ATTA
हमारा मूल्य ₹359
एमआरपी ₹425
बचाइए ₹66
बेसन / रवा / मैदा 500 g / 1 kg
फ्लैट 50% छूट
एमआरपी ₹49 या उससे अधिक
हमारा मूल्य ₹25 या उससे अधिक
कैच मसाले (चुनिंदा रेंज)
न्यूनतम 20% छूट
एमआरपी पर
गुड लाईफ 1 L / महाकोश रिफाइंड सोयाबीन ऑयल 895 g
हमारा मूल्य ₹102/ ₹105
एमआरपी ₹130 / ₹130
बचाइए ₹28 / ₹25
गोवर्धन गाय का शुद्ध घी 1 L
हमारा मूल्य ₹633
एमआरपी ₹725
बचाइए ₹92
मेन्स और वूमेन्स डियो 135 ml या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
फ्लैट 50% छूट
एमआरपी ₹259 या उससे अधिक
हमारा मूल्य ₹130 या उससे अधिक
डर्मिकूल प्रिकली हिट 150 g / नवरत्न कुल पाउडर 200 g (चुनिंदा प्रकार)
बचाइए ₹30
एमआरपी ₹145 या उससे अधिक
हमारा मूल्य ₹115 या उससे अधिक
सिंथॉल / लिरिल / लक्स / पियर्स / डव सोप 125 g या उससे अधिक (मल्टी पैक) / निविया / फियामा शॉवर जेल 250 ml या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
न्यूनतम 33% छूट
एमआरपी ₹179 या उससे अधिक
हेड एंड शोल्डर / ट्रेसम्मे / पैन्टीन शॅम्पू 580 ml या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
फ्लैट 50% छूट
एमआरपी ₹799 या उससे अधिक
हमारा मूल्य ₹400 या उससे अधिक
सर्फ एक्सेल / टाइड डिटर्जेन्ट पाउडर 5 kg / सर्फ एक्सेल / एरियल मैटिक लिक्विड 3 L या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
न्यूनतम 25% छूट
एमआरपी ₹685 या उससे अधिक
जॉय / लैक्मे / पियर्स / मामाअर्थ / पॉन्ड्स फेसवॉश 150 ml या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
फ्लैट 50% छूट
एमआरपी ₹230 या उससे अधिक
हमारा मूल्य ₹115 या उससे अधिक
वेसिलीन / निविया समर लोशन 400 ml या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
फ्लैट 50% छूट
एमआरपी ₹475 या उससे अधिक
हमारा मूल्य ₹238 या उससे अधिक
पॉन्ड्स / लैक्मे / निविया सनस्क्रीन 75 ml या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
न्यूनतम 25% छूट
एमआरपी ₹360 या उससे अधिक
ऑफर यहाँ भी उपलब्ध
SMART SUPERSTORE
अपना नज़दीकी स्टोर पता करने के लिये स्कैन करें
10% INSTANT DISCOUNT*
*T&C Apply
BOBCARD
CREDIT REIMAGINED
ICICI Bank
नियम तथा शर्तें लागू। बैंकिंग कार्ड / वॉलेट ऑफर्स सिर्फ जियोमार्ट पर वैध। ऑफर स्टॉक खत्म होने तक वैध। सभी ऑफ़र्स को सूचना दिए बिना बदला जा सकता है। प्रोडक्ट्स की दिखाई गई तस्वीरें/फोटोग्राफ्स केवल प्रतिनिधित्व के लिए हैं। सभी प्रोडक्ट्स की एमआरपी में सभी टैक्स शामिल हैं। छूट प्रतिशत को ऑफर मूल्य के लगभग प्रतिशत तक राउंड ऑफ किया गया है। सभी ऑफ़र्स 8 अप्रैल 2024 तक मान्य हैं। सभी विवाद केवल मुंबई में स्थित न्यायालयों केअनन्य क्षेत्राधिकार के अधीन हैं।

# लेण्ड्रा मुठभेड़ में मारे गए 11 माओवादियों पर था 86 लाख का इनाम, दो नक्सलियों की तीन दिन बाद भी नहीं हो सकी शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बीजापुर जिले के पिढ़िया इलाके में कंपनी नम्बर टू व प्लाटून नम्बर 11, 12 व 13 की मौजूदगी की सटिक खुफिया इनपुट के बाद रविवार को आपरेशन लांच किया गया था।

■ 2 अप्रेल को तड़के हुई मुठभेड़ में 3 महिला समेत 13 नक्सली मारे गए थे

मंगलवार सुबह लगभग साढ़े 4 बजे माओवादियों की ओर से फायरिंग शुरू की गई। जिसके बाद शाम 5 बजे तक दोनों ओर से फायरिंग होती रही। मुठभेड़ स्थल की सर्चिंग में 3 महिला समेत 13 नक्सलियों के शव के अलावा सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार व गोला बारूद बरामद किया था। मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों मे 11 की शिनाख्त हो चुकी है, जिन पर 86 लाख रुपए का इनाम घोषित था। सर्वाधिक 20 लाख रूपए का ईनाम मुठभेड़ में मारे गए कम्पनी नम्बर टू के पीपीसीएम सुखराम हेमला पर था। वहीं डीवीसीएम सीतक्का पर 10 लाख व अन्य पीएलजीए कम्पनी नम्बर टू के सदस्यों पर 8-8 लाख का इनाम घोषित था। बीजापुर जिले में अब तक हुई मुठभेड़ों में सर्वाधिक 13 नक्सलियों को ढेर किया गया, जिन पर 86 लाख रुपए से अधिक का इनाम घोषित था।

गौरतलब है कि खुफिया इनपुट के बाद 72 घटे पहले गंगालूर के पिड़िया इलाके में ऑपरेशन लांच किया गया था। इसके बाद पुलिस व नक्सलियों के बीच 12 घटें फायरिंग चली जिसमें सुरक्षाबलों को अब तक की सबसे बड़ी सफलता मिली। खुफिया इनपुट के बाद बीजापुर जिले के गंगालूर थाना से डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा व सीआरपीएफ की संयुक्त टीम आर्पेरेशन के लिए रवाना हुई थी। लेण्ड्रा के जंगल में दोनों ओर से लगभग 12 घटे तक फायरिंग होती रही जिसके बाद 3 महिला समेत 13 नक्सलियों के शव बरामद किया गया। मारे गए अधिकांश नक्सली पीएलजीए कंपनी नम्बर दो व प्लाटून 12 के मेंबर थे। वहीं घटनास्थल से एलएमजी ऑटोमेटिक हथियार के अलावा 303 रायफल, 12 बोर रायफल, भारी मात्रा में बीजीएल सेल, लांचर हथियार, गोला बारूद, लेपटॉप व नक्सलियों की दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया था।

## मासूम नदी में डूबा, मौत

**अंडा।** पानी में डुबने से मासूम बालक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। अंडा पुलिस ने बताया कि तादुंला नदी में आयुष यादव 1 साल सुकलाभाठा थाना पापगढ जिला जांजगीर चापा निवासी का डूबने से मौत हो गई। परिवार में माता ,पिता मजदूरी करने ईंट भट्टा में जाते है। आयुष अपने माता के साथ नदी में नाहने गया था। इस दौरान उसकी मां नदी में बर्तन साफ-सफाई कर रही थी। खेलते खेलते बालक नदी में के भीतर चला गया। खोजबीन करने के बाद बालक का शव नदी से बरामद किया गया।

## सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी

**भिलाई।** मंत्रालय व सरकारी विभागों में नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने आरोपी दुर्वासा दास मानिकपुरी उर्फ अर्जुन उर्फ गोलू पिता स्व. बलराम दास मानिकपुरी उम्र 35 साल निवासी राधिका नगर सांई लीला थाना सुपेला को पकड़ा है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। मामले के मुताबिक प्रार्थी तिवेन्द्र कुमार सिन्हा निवासी ग्राम रावा तहसील तरसीवा धतमरी अर्जुनी ने अपने अन्य पीड़ित साथियों के साथ थाना सुपेला उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि अर्जुन मानिकपुरी निवासी सुपेला द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मंत्रालय एवं अन्य विभागों में नौकरी लगाने के नाम से पैसे लेकर धोखाधडी किया है।

# शराबी बेटे से तंग आकर मां व भाई ने उतारा था मौत के घाट, पहुंचे जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



■ बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम कोबा में 31 को हुई थी घटना

कोबा ग्राम में 31 मार्च को मृतक वामन कुमार साहू पिता स्व. बनऊराम साहू 28 वर्ष के संदेहास्पद मौत के मामले में खुलासा करते हुए पुलिस ने मृतक की मां व उसके भाई को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक वामन कुमार साहू ग्राम कोबा के स्कूलपारा में अपनी मां रमेश्वरी बाई, भाई कुंदन साहू एवं भाई बहु चमेली साहू के साथ रहता था। 31 मार्च 2024 को रात्रि करीब 7.30-8 बजे वामन साहू नशे के हालत में घर आया और विवाद करते हुए अपनी मां से मारपीट करने लगा। इस पर मां के आवाज देने पर उसका भाई कुंदर साहू बीच-बचाव करने आया। इस दौरान आरोपिया मां व भाई ने सब्जी काटने वाले चाकू से मृतक के बायें तरफ गर्दन व कंधे के पास तीन वार कर दिया। मृतक वहां से अपनी जान बचाकर पहले स्कूल की ओर भागा, फिर बचाओ–बचाओ चिल्लाते हुए अपने चचेरे भाई बिरेन्द्र साहू के घर खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गया।

ग्रामीणों ने उसकी मां को मौके पर बुलाया तो उसने ग्रामीणों को झूठ बोल दिया कि वामन गिरकर घायल हुआ है। इस बीच उसे संजीवनी एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच उपरांत आरोपी मां व उसके भाई को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## एजूकेशन स्पेशल




## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** रायपुर लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 MO. 8109070600, 7869230888.(RO-1174)

### वेल्डर/फिटर/हेल्पर

**आवश्यकता है-** ऑल छत्तीसगढ़ ऑफिस कार्य, वेल्डर, कटर, फिटर, हेल्पर, इलेक्ट्रीशियन, कंप्यूटर ऑपरेटर, ड्राइवर, चपरासी, गार्ड, स्टोर कीपर, सुपरवाइजर, इंजीनियर, सभी 5वीं से ग्रेजुएट वेतन 12000- 40000/- परमानेंट कंपनी हेतु मेडिकल +रहना फ्री व्यापार विहार बिलासपुर. 9111965184.(RO-2610)

### शिक्षाकर्मी

**आवश्यकता है-** श्री कृष्णा हिंदी/ इंग्लिश स्कूल चंडी अभनपुर में प्री- प्राइमरी से मिडिल क्लास हेतु इंग्लिश मीडियम टीचर की आवश्यकता है तथा हिंदी मीडियम में गणित, वाणिज्य, अंग्रेजी, रसायन, अर्थशास्त्र एवं कंप्यूटर टीचर की आवश्यकता है. योग्यता- संबंधित विषयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर/ बी.एड., आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि - 14/06/2024 संपर्क सूत्र- 9926125257, 9893534338. (RO-1175)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### ऑफिस असिस्टेंट

**Requirment-** WANTED OFFICE ASSISTANT (FEMALE) POST-01, 12TH+ COMPUTER KNOWLEDGE EXCELLENT INSTITUTE OF FIRE SAFETY C/O SAROSWATI SHISHU MANDIR SECTOR-4, WALK INTERVIWE 8/4/2024 TIME-10AM TO 1PM CONTACT MO.- 79990-42674,78797-63600.(आरो न.-443)

### सेल्समेन/ऑफिसर

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़िया 555 वाशिंग पाउडर बेचने हेतु सेल्समेन, सेल्स ऑफिसर, चाहिए प्रतिमाह इनकम 9000 से 21000 संपर्क करें मां भवानी होटल अमेरा (बलौदा बाजार) मों. 9977636271. (RO-1176)

### ऑफिस/लाइजिनिंग

**आवश्यकता है-** ऑफिस एवम लाइजिनिंग कार्य हेतु। योग्यता- स्नातक पास (जिसे अंग्रेजी एवम कम्प्यूटर का ज्ञान हो) 2-3 वर्ष के अनुभवी को प्राथमिकता, संपर्क करें:- प्रबोध एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, 16/1, गीतानगर, चौबेकालोनी, रायपुर (छ. ग.), मोबाइल 6266288215, 8109923127. (RO-301)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** डीजे साउंड सिस्टम की दुकान में काम करने के लिए अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है संपर्क:- दीपक साउंड सर्विस फूल चौक जोरा पारा, कालीमाता मंदिर के पास रायपुर 98271-14645. (RO-2637)

**आवश्यकता है-** कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़की की आवश्यकता है। बायोडाटा के साथ संपर्क करें। पता: सुरम्य फैब्रिक्स, गुरुद्वारे के सामने, कटोरा तालाब, रायपुर। मो.: 8767454277. (RO-4290)

**आवश्यकता है-** दुकान के सभी काम के लिए दसवी पढ़े मेहनती लड़के की आवश्यकता हैं, D.D. नगर के आसपास रहने वाले को प्राथमिकता, संपर्क करें मो. न. 9098148235. (RO-2636)

### ड्रायवर/हेल्पर

**आवश्यकता है-** जीएमएस कोरियर में टाटाएस ड्राइवर हेल्पर और बाईकर की आवश्यकता है। संपर्क करें। वालफोर्ट गेट के सामने रिंगरोड 1, कुशालपुर रायपुर 9399676408. (RO-A)

### वैधानिक कार्य

**आवश्यकता है-** वैधानिक कार्य के निष्पादन हेतु विधि स्नातक की ।अनुभवी को प्राथमिकता। संपर्क करे:- 11:00 से 1:00 बजे। नवबोध प्रकाशन, 7, समता कॉलोनी, भीमसेन भवन के सामने, रायपुर (छ.ग.) सम्पर्क:- 0771-4200932, E-mail: hr@navbodh.com (RO-128)

### बैक ऑफिस/सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** बैक ऑफिस एक्जेक्यूटिव – 2पोस्ट (महिला) उम्र 40+ को प्राथमिकता, (कम्प्यूटर ज्ञान अनिवार्य), सुपरवाईजर – 3 पोस्ट (फेब्रिकेशन) एवं ड्रॉइंग फिटर –1 पोस्ट, वेतन योग्यतानुसार। संपर्क – छावनी चौक, ईण्डस्ट्रीयल एरिया, भिलाई व्हाट्स एप - 9981374711.(आरो न.-446)

### सेल्स

**आवश्यकता है-** नागपुर की प्रतिष्ठित (आयुर्वेदिक) कंपनी में काम करने हेतु सेल्स पर्सन की आवश्यकता है, हेडक्वार्टर रायपुर रहेगा. आकर्षक सैलरी एवं एक्सपेंस देय होगा। संपर्क करे मोबाइल- 9993588599, 7225994464. (RO-2638)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### कुक

**आवश्यकता है-** कुक घरेलू अनुभवी सिनियर महिला-2 सभी तरह का अच्छा खाना बनाना आता हो घरेलू, आफिस काम हेतू, रहने हेतू रूम उपलब्ध परिवार के लिये भी काम टाटीबंध रायपुर में तुरंत मिलें मो.नं. 6266919192. (RO-2631)

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री मेस कैंटीन में खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, काउन्टर में खाना देने एवं बर्तन धोने लड़कों की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा। पता- बिलासपुर 9993334937, 8871824812. (RO-33558)

### ऑफिस बॉय

**आवश्यकता है-** रायपुर ऑफिस में ऑफिस कार्य करने के लिए ऑफिस बॉय (स्नातक) की। अनुभवी को प्राथमिकता। संपर्क करें:- 11:00 से 1:00 बजे। युगबोध डिजिटल प्रिंट्स, 6, समता कॉलोनी, भीमसेन भवन के सामने, रायपुर (छ.ग.), फोन- 0771- 4200932. (RO-132)

### ऑफिस बॉय/मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** ट्रेडर्स एवं कंस्ट्रक्शन कार्य हेतु लड़को की आवश्यकता है, ऑफिस ब्वॉय एवं सेल्स मार्केटिंग के लिए एवं ट्रेक्टर ड्राईवर की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार भाठागांव रायपुर संपर्क करें Mob. 9827114308. (RO-2641)

### पार्लर कार्य

**आवश्यकता है-** ब्यूटी पार्लर में कार्य करने हेतु अनुभवी युवतियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करे:- अनुष्का ब्यूटी पार्लर मारुति इन मोहबा बाजार मोबाइल नंबर:- 9617368098. (RO-2639)

### सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** रायपुर सेजबहार तालाब में मछली पालन हेतु अनुभवी सुपरवाइजर की आवश्यकता है। संपर्क करे- अनुराग दत्ता- 7587323876. (RO-1442)

### हेल्पर/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** सफाई कर्मचारी- 6000/-, हेल्पर- 6000/-, ड्राइवर- 10000/- रहना खाना फ्री। तुरन्त संपर्क करें- देवादा हॉस्पिटल (राजनांदगांव ) मो.- 7970259986, 8770173814.(आरो न.-6060)

छोटा विज्ञापन

### चौकीदार/आयाबाई

**आवश्यकता है-** एम्बुलेंस ड्राइवर-2, हास्पिटल में खाना बनाने हेतु कुक, आयाबाई 4, चौकीदार, माली की आवश्यकता है रहने की सुविधा, संपर्क:- बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर फोन- 0771-2425009. (RO-2632)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** सेल्स में कस्टमर हैंडल और कंप्यूटर में कोटेशन बनाना साथ ही बिलिंग करना एवं ग्राहकों के साथ फोन पर बातचीत करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है वेतन में 18000/- से शुरू कॉल करें- 99932-44000.(RO-3951)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर शंकर नगर वीआईपी कॉलोनी में घरेलू काम के लिए एक बाई महिला की और ऑफिस कार्य हेतु एक मुनीम की आवश्यकता है रहने की जगह उपलब्ध है। संपर्क करें 9425205358. (RO-01)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** रायपुर की प्रतिष्ठित मेडिकल सीएंडएफ जो पिछले 35 वर्षो से नामी ब्रांड प्रोडक्टस की डिस्ट्रीब्यूटर है, को निम्न पदों की आवश्यकता है:- (1.)ड्राइवर :-1 (2.)गोडाउन कार्य हेतु मेहनती युवकों की। सर्वश्रेष्ठ सैलरी पैकेज संपर्क: 9425542077, 9669426111. (RO-241)

### टैली ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** आवश्यकता है CCTV इंस्टॉलेशन एवं फिटिंग और टैली ऑपरेटर हेतु युवक की वेतन 8000 से 15000 संपर्क करें- SAHU CCTV मोबाइल 9302933334, 9302733334. Experience and Freser can be Apply(RO-3954)

### पैकिंग/लेबर कार्य

**आवश्यकता है-** चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की जरूरत है। संपर्क करें एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो . 7469980000, 07714075490.(RO-1173)




### सेल्समेन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** विरदी साड़ी शोरूम हेतु सेल्समेन 7, सेल्सगर्ल 3, कम्प्यूटर ऑपरेटर 1, ड्राईवर 1 सभी रायपुर लोकल अनिवार्य, वेतन 6000- 20000/- + कमीशन अनुभवी को प्राथमिकता, विरदीचंद मानकलाल कंकालीपारा संपर्क समय 10.30 - 9.30, मो.,9425522577, 9425522576 (RO-2624)

### पैकिंग कार्य

**आवश्यकता है-** पैकिंग कार्य हेतु लडको की आवश्यकता है सैलेरी योग्यतानुसार शीतला एजेंसी रिंग रोड नंबर 1 भांटागांव चौक न्यू बस स्टैंड रायपुर 9300629026, 9300129026. (RO-1446)

### ऑफिस कार्य/अन्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस एवं अन्य कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों की शीघ्र आवश्यकता है, पार्ट टाइम तथा फुल टाइम जॉब उपलब्ध है, (फ्रेशर भी कर सकते हैं, कार्य सिखाया जाएगा) आकर्षक वेतन मोबाइल 9174071822, 7828604032. रायपुर(RO-1177)

**आवश्यकता है-** शहर से बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18-28 वर्ष के 10-12वी, स्नातक, अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000+ रहना+ खाना+ ट्रैवल+ ट्रेनिंग फ्री, ट्रेनिंग पश्चात 20000 से 25000 सम्पर्क करें- 8871422576, 7224999156. (RO-33612)

छोटा विज्ञापन

### फील्ड कार्य

**आवश्यकता है-** फील्ड में कार्य करने हेतु आदमी की आवश्यकता है गणेश सेनेटरी एंड हार्डवेयर गुढ़ियारी रायपुर छत्तीसगढ़:- 9981737499.(RO-1172)

### अन्य

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 9883460031. (RO-021)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 8602908677, 7477221345, बिलासपुर 9993444253, 8359913999, रायगढ़- 7869755871.(RO-2586)

### टॉवर

**टॉवर लगवाए-** (Daimend ऑफर) छत्तीसगढ़ वासियों अपनी खाली जमीन छत प्लॉट पर 4G /5G टावर लगवाये एडवांस 70,00,000/- किराया 60,000/- 2 नौकरी सरकार द्वारा रेजिस्ट्रेट कंपनी संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 06397308856, 7668628202. (RO-2640)

## Education शिक्षण

**मेडिकल प्रवेश-** 12वीं पास (बायो ) विद्यार्थियों व जनरल प्रैक्टिशनल चिकित्सको के लिए छत्तीसगढ़ नर्सिंग एक्ट के तहत पंजीयन व छत्तीसगढ़ शासन में पंजीयन के लिए मान्यता प्राप्त कोर्स में प्रवेश प्रारंभ है संपर्क करें:- संजीवनी कॉलेज ओमपरिसर, आर्यनगर दुर्ग (छ.ग.) 0788-4060006, 9893579048.(आरो न.-6059)

## Property प्रापर्टी

### मकान

**मकान-** मकान शीघ्र बेचना हैं 460 स्क्वायर फिट 11.30×40 रेल्वे स्टेशन से मात्र 1 किलोमीटर की दूरी पर रामसागर पारा रायपुर (छत्तीसगढ़) मो. 7470458514, 8839967915 दलाल भी संपर्क करें (RO-2633)

**मकान बेचना है-** चांगोराभाटा मे 750 वर्गफुट 2 BHK मकान, कार पोर्च, पीओपी किया हुआ स्वतंत्र नया मकान एव रायपुरा सत्यम विहार कॉलोनी 1100 फुट प्लॉट बेचना है संपर्क:- 9300505421, 9993451070. (RO-2643)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### जमीन

**जमीन बेचना है-** इंडस्ट्री हेतु दो साइड रोड फेंसिंग 16000 वर्गफीट जमीन इंडस्ट्रियल एरिया बोरई दुर्ग ( छग ) में बेचना है संपर्क : 9406298602, 9425558019, 9755494941, 7587094863.(आरो न.-445)

### भूमि

**भूमि बेचना है-** फार्म हाऊस के लिए प्लॉट उपलब्ध है। भिलाई- दुर्ग से नज़दीक बिरेझर में 11000 sqft. के साइज में फ्रेश कटिंग प्लॉट मात्र 111/- रू. psqft. मो. न. 9827423470(आरो न.-440)

### खेत

**खेत बेचना है-** पथरिया चौक के पास 3.75 एकड़, 900 का फ्रन्ट, नगपुरा चौक के पास 10 एकड़ डबल रोड नगपुरा जालबंधा मेन रोड के पिछे 1 एकड़ कलड़बरी चौक के पास 6.50 एकड़ बेचना है। संपर्क करें:-अजय पाण्डेय मो.- 93290-21207.(आरो न.-444)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** समस्त भारत में मुद्रा योजना द्वारा एज्युकेशन, पर्सनल, प्रॉपर्टी, मार्कशीट, बिजनेस व मकान, दुकान के लिए आधारकार्ड, पैन कार्ड पर लोन 2% ब्याज, 50% छूट उपलब्ध संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9540069704.(RO-2625)

हरिभूमि क्लासीफाईड

## आवश्यक सूचना


पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152




## Healthcare







### स्पाइनल रोग (मेरुरज्जा विकृति)


मनुष्य के रीढ़ की हड्डी (डिस्कबोन) में स्थित स्पाइन यह असीम संवेदना तरंग का केन्द्र हैं इस तरंग को जानने हेतु आज तक कोई पैरामीटर नहीं है। भगवान कृष्ण ने गीता मे भी कहा है कि मेरी असीम शक्ति इसी सुषुण्माकांड (स्पाइनल) मे स्थित हैं। इसी लिये दुनिया भर के योगी पीठ को सीधा रखकर कुण्डलिनि जागृत की साधना करते है। इसमे सात कुण्डलिनि का चक्र युक्त दैविक संरचना है इसका उल्लेख प्राचीन आयुर्वेद वैदिक शास्त्रों मे तथ्य एवं चिकित्सा का वर्णन है। यदि कभी कोई कारणवश चोट मोच या कोई रोग हो जाये तो इसे ऑपरेशन या अन्य विधि से छेड़छाड़ नहीं करना चाहिए यदि थोड़ा भी गड़बड़ हो जाये तो जीवन भर के लिए अपंग हो जायेंगे अर्थात् कमर के नीचे दोनो पैर निष्क्रिय सून्न असहनीय कमर में दर्द, दस्त पेशाब होने की अनुभूति न होना, चल फिर उठ-बैठने की शक्ति खत्म हो जाना। ऐसी समस्या तो लोगों मे सदियों से होता आया है और आयुर्वेद के रस-रसायन से ठीक होते आये है। अतः अपने जाँच के सभी पेपर व एम.आर.आई, एक्स-रे, सोनोग्राफी सहित रिपोर्ट लेकर मिले।

बायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,। 9425555659, 9617789223
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाइंटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)



# नई फिल्म की पहली झलक से उठा पर्दा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव अपनी एक्टिंग से लगातार लोगों का मनोरंजन करते आए हैं। एक्टर लंबे वक्त से बड़े पर्दे से दूर थे, लेकिन अब उन्होंने दमदार वापसी की तैयारी कर ली है। राजकुमार राव भी अब बायोपिक के साथ आ रहे हैं, जिसमें वो एक इंस्पायरिंग रियल लाइफ कहानी दिखाएंगे। एक्टर की अपकमिंग फिल्म का नाम 'श्रीकांत' है। राजकुमार राव ने फिल्म 'श्रीकांत' से अपने करिदार की झलक दिखाते हुए फिल्म के ऐलान के साथ ही रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। उन्हेंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'एक यात्रा जो आपको अपनी आंखें खोलने के लिए प्रेरित करेगी!



लाइफ Style

# रश्मिका मंदाना

## 'पुष्पा 2' की श्रीवल्ली का पहला लुक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'पुष्पा 2: द रूल' 2024 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना एक बार फिर इस फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। 'पुष्पा 2' की रिलीज का लोगों को लंबे समय से ब्रेसबी से इंतजार है।

'पुष्पा 2' के मेकर्स 8 अप्रैल को अल्लू अर्जुन के जन्मदिन पर फिल्म का पहला टीजर रिलीज करने का ऐलान कर चुके हैं, लेकिन इसके पहले नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना के बर्थडे पर श्रीवल्ली के फैंस को सरप्राइज मिल गया। सोशल मीडिया पर रश्मिका मंदाना का 'पुष्पा 2' से पहला लुक शेयर कर दिया है। श्रीवल्ली का ये धाकड़ लोगों को बहुत पसंद आ रहा है।

'पुष्पा 2' के इस पोस्टर में रश्मिका, श्रीवल्ली के किरदार में बहुत ही दमदार लुक में लुक दिखा रही हैं। रश्मिका मंदाना ने हरी साड़ी, मांग में सिंदूर, हाथों में हरी-लाला चूड़ी पहने दिखाई दे रही हैं। वहीं कमरबंद, नाक की नथ और गले में मंगलसूत्र के साथ हार पहने हुए एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना बहुत खूबसूरत लग रही हैं। इस लुक को एक्ट्रेस ने लाल बिंदी, आंखों में काजल, न्यूड लिपस्टिक और बालों का जुड़ा बनाना से पूरा किया है। 'पुष्पा 2' के इस पोस्टर के साथ फिल्म के टीजर रिलीज की एक बार फिर घोषणा की गई है, जो 8 अप्रैल को रिलीज होगा। इससे पहले मेकर्स ने 'पुष्पा 2' की ओटीटी रिलीज की भी घोषणा की थी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस बात की जानकारी खुद ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करके दी है। वहीं सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का लुक लोगों को बहुत पसंद आ रहा है।

हॉलीवुड मसाला



# फिल्म 'ड्यून 3' का ऐलान

लॉस एंजिलिस। टिमोथी चालमेट और जेंडाया अभिनीत फिल्म 'ड्यूनः पार्ट टू' बॉक्स ऑफिस पर कमाल रही है। निर्देशक डेनिस विलेन्यूवे की इस फिल्म को दर्शकों का प्यार मिल रहा है। पूरी दुनिया में टिमोथी चालमेट की एक्टिंग की तारीफ हो रही है। वहीं अब 'ड्यूनः पार्ट टू' की सफलता के बाद निर्देशक ने इस फिल्म के अगले भाग के निर्माण की घोषणा की है। टिमोथी चालमेट की आगामी फिल्म 'ड्यून 3' का निर्माण हो रहा है। निर्देशक विलेन्यूवे ने खुद इसकी आधिकारिक घोषणा की है।




# जैकी चैन की फिल्म 'कराटे किड' का निर्माण शुरू

**लॉस एंजिलिस।** सोनी पिक्चर्स ने अपनी नई फिल्म कराटे किड की घोषणा करते हुए इसका निर्माण भी शुरू कर दिया है। यह फिल्म इस फ्रेंचाइजी की छठवीं फिल्म है। राल्फ मचियो इस फिल्म में डैनी लारूसो की अपनी भूमिका फिर से निभाते नजर आएंगे। 2010 की फिल्म कराटे किड रीमेक में जैकी चैन मिस्टर हान की भूमिका में दिखाई दिए थे। वह अपनी भूमिका में फिर से नजर आएंगे। दर्शकों को इस फ्रेंचाइजी के अगले पार्ट का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में मेकर्स ने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। फिल्म का प्रोडक्शन शुरू होने के साथ ही तस्वीरों में फिल्म कराटे किड के लोगो की झलक भी देखने को मिली। अभिनेता बेन वांग इसमें अहम किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। बेन वांग के फिल्म में होने की घोषणा के बाद ही मेकर्स ने गुरुवार को बड़ा अपडेट साझा किया है। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी पहले ही खुलासा हो चुका है।



# ट्विंकल ने अक्षय पर सरेआम मारा ताना

**मुंबई।** बॉलीवुड के पावर कपल ट्विंकल खन्ना और अक्षय कुमार दोनों ही साथ में परफेक्ट लगते हैं। सालों से दोनों एक-दूसरे के साथ मौजमस्ती करते नजर आया करते हैं। सोशल मीडिया पर दोनों ही काफी एक्टिव हैं। जहां अक्षय कुमार अपने वीडियोज से लोगों को हंसाने में नहीं चूकते वहीं ट्विंकल खन्ना भी कभी फनी तो कभी सामाजिक मुद्दों पर बात करती नजर आती हैं। ट्विंकल खन्ना ने एक वीडियो साझा किया है। सामने आए इस वीडियो में वो और अक्षय कुमार दोनों ही नजर आ रहे हैं। दोनों किसी शादी फंक्शन के लिए तैयार हो रहे हैं और दोनों ने बेज कलर के कपड़ों में ट्विनिंग भी की है। जहां ट्विंकल खुद को निखारने और संवारने में लगी हैं, वहीं अक्षय कुमार उनके पीछे उछल-कूद करते दिख रहे हैं।



# टूटे दिल की दास्तान है 'अंख दा तारा'

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना अपने अभिनय के साथ-साथ अपनी गायिकी के लिए भी मशहूर हैं। अभिनेता कई चर्चित गाने गा चुके हैं। एक बार फिर वह अपनी सुरीली आवाज के साथ हाजिर हुए हैं। आयुष्मान का नया गाना 'अंख दा तारा' आज जारी हो गया है। संगीत प्रेमियों से इसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। आयुष्मान कई फिल्मों में अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेर चुके हैं। अब वे अपना एक नया पंजाबी गाना लेकर आए हैं। 'अंख दा तारा' गाने को आज यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में टूटे दिल की दास्तान को एक अनोखे अंदाज में दिखाया गया है। अभिनेता ने लिखा, ''मेरी 'अंख दा तारा' आप हो'। फैंस को आयुष्मान का यह गाना बेहद पसंद आ रहा है। एक यूजर ने लिखा, 'मुझे लगातार सुनने के लिए एक नया गाना मिल गया है'।

# रामोजी ग्रुप फ्री में सिखाएगा फिल्म निर्माण और निर्देशन



**हैदराबाद।** रामोजी फिल्म सिटी स्थित रामोजी ग्रुप की डिजिटल फिल्म अकादमी, रामोजी एकेडमी ऑफ मूवीज ने हिंदी भाषा में ऑनलाइन फिल्म निर्माण पाठ्यक्रमों की घोषणा की है। पाठ्यक्रमों में कहानी और पटकथा, निर्देशन, एक्शन, फिल्म निर्माण, संपादन और डिजिटल फिल्म निर्माण शामिल हैं। इच्छुक छात्र **www.ramojiacademy.com** पर लॉग इन कर सकते हैं।

रामोजी एकेडमी ऑफ मूवीज पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण करने के लिए कोई ऊपरी आयु सीमा या न्यूनतम योग्यता मानदंड नहीं है। न्यूनतम आयु सीमा 15 वर्ष है और अध्ययन के लिए चुनी गई भाषा में दक्षता अनिवार्य है। आवश्यक संचार प्राप्त करने के लिए छात्र के पास एक वैध फ़ोन नंबर और ईमेल पता होना चाहिए। इसके साथ ही रामोजी एकेडमी ऑफ मूवीज प्रत्येक छात्र की प्रगति की निगरानी भी करता है। यह पाठ्यक्रम के हरचरण में प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है, जिससे छात्रों को अकादमिक उत्कृष्टता हासिल करने में मदद मिलती है। पाठ्यक्रम हिंदी के अलावा अंग्रेजी, तमिल, मराठी, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और बांग्ला में भी उपलब्ध हैं।


# माधुरी दीक्षित का थ्रोबैक वीडियो हुआ वायरल



**मुंबई।** माधुरी दीक्षित और उनके पति डॉ. नेने की शादी को कई साल हो चुके हैं और उनके दो प्यारे बच्चे अरिन नेने और रयान नेने हैं। माधुरी दीक्षित-श्रीराम नेने को कई बार साथ में इवेंट और बी टाउन की पार्टी में स्पॉट किया जा चुका हैं और इसमें कोई शक नहीं की दोनों बहुत ही प्यारे कपल हैं। बॉलीवुड की 'धक धक गर्ल' का एक थ्रोबैक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह अपने पति नेने संग एक पॉपुलर इंग्लिश गाना गाते नजर आ रही हैं। लोगों को ये वीडियो बहुत पसंद आ रहा है। वीडियो में माधुरी दीक्षित सजी-धजी सूट पहने हुए बहुत सुंदर लग रही हैं। वहीं कुछ ही देर में एक्ट्रेस के पति नेने भी अपनी पत्नी के साथ ये गाना गाते दिखाई देते हैं। कपल हमेशा की तरह स्टाइलिश लुक में नजर आ रहे थे।

# दिशा पटानी ने साझा कीं 'कल्कि 2898 एडी' की शूटिंग की तस्वीरें

**मुंबई।** फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' को लेकर दर्शकों के बीच काफी दिनों से उत्सुकता बनी हुई है। फिल्म के छोटे-से-छोटे अपडेट पर प्रशंसक अपनी नजर बनाए हुए हैं। इस फिल्म में अभिनेता प्रभास का दमदार किरदार देखने को मिलेगा। हाल ही में अभिनेत्री दिशा पाटनी ने प्रभास के साथ कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जो इस फिल्म से जुड़ी हैं। फिल्म की अभिनेत्री



दिशा पाटनी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शूटिंग से जुड़ी तस्वीरें दर्शकों के साथ साझा की हैं। दरअसल, साल 2024 की शुरुआत में एक खबर आई थी कि प्रभास और दिशा पाटनी फिल्म के एक गाने की शूटिंग के लिए इटली गए थे। दिशा ने जो तस्वीरें साझा की हैं, वह उसी गाने की शूटिंग की है। तस्वीरों में दिशा अपने सह कलाकार प्रभास के साथ खड़ी दिखाई दे रही हैं।

SHIVA EMBROCATION OIL
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769



# संस्कारी बहू 'रूही' ने पार की सारी हदें, बोल्ड अवतार देख दंग हुए लोग

**मुंबई।** प्रतीक्षा होनमुखे इस वक्त काफी सुर्खियों में बनी हुई हैं। प्रतीक्षा का सफर हाल ही में टीवी के हिट शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से खत्म हुआ है। इस शो में प्रतीक्षा ने रूही का रोल प्ले किया था, लेकिन हाल ही में उन्हें इस शो से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। प्रतीक्षा होनमुखे अपने काम के साथ ही सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। वहीं, ये रिश्ता क्या कहलाता है' से बाहर होने के बाद उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें एक्ट्रेस का बोल्ड अवतार देखने को मिल रहा है। इस वीडियो में प्रतीक्षा मिरर के सामने खुद ही अपना वीडियो शूट करती दिख रही हैं। इस दौरान उन्होंने अपनी संस्कारी बहू की इमेज से बाहर आते हुए बोल्ड अवतार दिखाया है। वीडियो में प्रतीक्षा के ब्रालेस लुक ने आग लगा दी है। इस दौरान एक्ट्रेस ने शॉर्ट ड्रेस पहनी है, जिसका नेक फ्रंट से काफी डीप और ओपन है। वहीं, उनके ओपन और फ्रिजी हेयर उनके लुक को और भी सेक्सी बना रहा है। वीडियो में प्रतीक्षा का एटीट्यूड देखने लायक है। इस वीडियो के साथ प्रतीक्षा ने कैप्शन में लिखा, 'गर्मियों से भी ज्यादा गर्मी?'

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
(राज्य और शहर के प्रसिद्ध 22 सालों से क्षेत्र में अनुभवी)
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
(राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित)
विशेषज्ञ- वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मो. 9179455561, 9039050422
अशोक विहार, स्ट्रीट नो 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट सामने, पंडरी, रायपुर मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133




# अंतरिक्ष में भी भेज सकते हैं आप अपने परिजनों की अस्थियां

इंसान जैसे-जैसे तकनीक में आगे बढ़ता गया, वैसे-वैसे उसकी इच्छाएं भी बढ़ती गईं. पहले जब एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए साधन मौजूद नहीं थे। तब गंगा जी से बहुत दूर रहने वाले लोगों की इच्छा होती थी कि उनकी मौत के बाद उनकी अस्थियों को गंगा जी में विसर्जित किया जाए।

**लंदन।** लेकिन अब कुछ इंसान चाहते हैं कि उनकी मौत के बाद उनकी अस्थियों के स्पेस में छोड़ दिया जाए। सबसे बड़ी बात की ये सुविधा मौजूद भी है। चलिए इस आर्टिकल में जानते हैं कि अंतरिक्ष में अस्थिया छोड़ने का खर्च कितना आता है।

### स्पेस में किसने भेजी अस्थियां

हाल ही में ऐसा इंग्लैंड में हुआ। दरअसल, यहां रहने वाली एलिजाबेथ नाम की महिला ने अपनी मृत्यु से पहले अपने पति से ये इच्छा जाहिर की थी कि उनकी मौत के बाद उनकी अस्थियों को स्पेस में छोड़ दिया जाए। इसके लिए जिंदा रहते हुए ही एलिजाबेथ ने ऑरा फ्लाइट्स नाम की एक कंपनी के साथ करार कर लिया था कि उनकी मौत के बाद उनकी और उनकी बिल्ली की अस्थियों को पृथ्वी से एक लाख फीट ऊपर स्पेस में छोड़ दिया जाए।

**इंग्लैंड**
की महिला की अंतिम इच्छा की गई है पूरी

**3 लाख**
भारतीय रुपयों में के करीब आता है खर्च



### कितना आया खर्च

साल 2022 में पता चला कि एलिजाबेथ जो घूमने की बहुत शौकीन हैं उन्हें दिल की बीमारी है। इसी साल उनका 72वां जन्मदिन था। अपने जन्मदिन के कुछ महीनों के भीतर ही उनकी मौत हो गई. एलिजाबेथ की मौत के बाद उनके परिजनों ने ऑरा फ्लाइट्स से संपर्क किया और उन्हें उनकी अस्थियों को स्पेस में छोड़ने के लिए कहा. साल 2023 के जनवरी महीने में कंपनी ने स्ट्रैटोस्फेरिक गुब्बारे द्वारा एलिजाबेथ और उनकी एक पालतू बिल्ली के शरीर की राख को अंतरिक्ष में छोड़ दिया। इस पूरे प्रोसेस के लिए लगभग 2950 डॉलर का खर्च आया। भारतीय रुपयों में ये लगभग 3.10 लाख रुपये होते हैं।

# जग्गी हत्याकांड :दोषियों ने सरेंडर डेट बढ़ाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



जग्गी हत्याकांड के आरोपी याहया ढेबर और फिरोज सिद्दीकी ने हाईकोर्ट में अपने-अपने वकीलों के जरिए आवेदन लगाया है जिसमें उन्होंने सरेंडर डेट बढ़ाने की मांग की है। सूत्रों के मुताबिक इस आवेदन पर सोमवार को सुनवाई होने की पूरी संभावना है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में राकांपा नेता रामावतार जग्गी हत्याकांड के 28 आरोपियों की अपील को ख़ारिज कर दी है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस अरविंद वर्मा डिवीजन बेंच ने उनकी आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा है। निचली अदालत के फैसले को बरकरार करते हुए आरोपियों को अपनी सजा काटने के लिए 7 दिनों के भीतर आत्मसमर्पण करना होगा वरना पुलिस इस मामले से जुड़े सभी आरोपियों को हिरासत में लेगी। इस मामलें की सुनवाई इसी साल फरवरी में 29 तारीख को उच्च न्यायालय में हुई थी जिसका फैसला 4 अप्रैल 2024 को आया है। यह हत्याकांड कांग्रेस की जोगी सरकार के चला चली के समय साल 2003 का है। जिसमें 31 आरोपी बनाए गए थे। सभी आरोपियों को अपनी सजा की माफ़ी के लिए और जेल जाने से बचने के लिए सर्वोच्च न्यायलय मे एसएलपी पिटीशन लगानी पड़ेगी तथा कारावास में सरेंडर करने लिए छूट के लिए अपील करनी पड़ेगी।

# नीलामी : फेमस बाक्सर मोहम्मद अली की शॉर्ट्र्स की ३२ करोड़ की लगी बोली

दुनिया के महान मुक्केबाज मोहम्मद अली को कौन नहीं जानता. जिसके एक पंच से सामने वाला विरोधी नॉकआउट हो जाता था, आज उसी मोहम्मद अली की एक शॉर्ट्स नीलाम हो रही है। आपको बता दें, इस शॉर्टस की बोली लाखों में नहीं बल्कि करोड़ों में लगी है। चलिए आपको बताते हैं कि मोहम्मद अली की लोकप्रिय शॉर्ट्स आखिर कितने करोड़ की हुई। मुक्केबाज मोहम्मद अली के इस शॉर्ट्स की बोली मार्च के अंत से लग रही है। लेकिन 5 अप्रैल को इसकी बोली 32 लाख डॉलर तक पहुंच गई। यानी भारतीय रुपयों में 32 करोड़ रुपये. दरअसल, मोहम्मद अली के इस शॉर्ट्स की नीलामी न्यूयॉर्क के नीलामी घर सोथबी द्वारा ऑनलाइन की जा रही है। यह नीलामी आधिकारिक तौर पर 12 अप्रैल को बंद हो जाएगी।



**मोदी से उम्मीद**

# राज परिवार से मिला जोगी पद अफसरशाही ने बना दिया जाति

## पदवी को जाति बना देने से आदिवासी जोगी परिवार बन गया ओबीसी

सुरेश रावल ⏭ जगदलपुर

बस्तर ब्लाक के भानपुरी क्षेत्र के समीप एक गांव हैं छोटे आमाबाल। जहां 8 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आ रहे हैं। इस गांव का ऐतिहासिक महत्व है, क्योंकि जब से दशहरा पर्व बस्तर में मनाया जाता है, तब से पर्व की प्रमुख रस्म जोगी बिठाई में इसी गांव के एक ही परिवार को मौका मिलता है। जोगी परिवार के डमरू नाग कहते हैं 1414 से लगभग 600 साल हो गए हैं, हमारा ही परिवार हर साल दशहरा पर्व के जोगी बिठाई रस्म में शामिल होता है। उस समय के बस्तर महाराजा ने हमारे गांव के हमारे ही परिवार को इस दायित्व को निभाने की जिम्मेदारी सौंपी है। हमारा परिवार मां दंतेश्वरी मावली माता की सेवा करते आ रहा है। राज परिवार ने हमें जोगी का पद दिया, लेकिन कालांतर में इस पद को सरकारी लोगों ने जाति मान लिया। तब से हल्बा जाति का आदिवासी परिवार आज भी पिछड़ा वर्ग बनकर किसी तरह का आदिवासियों को मिलने वाला लाभ नहीं ले पा रहा है। सालों से न्याय के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन आज तक हमारी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। सैंकड़ों सालों की सेवा के बाद भी हमारी हालत गरीबी में जीवन गुजारने की रह गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आ रहे हैं हमारा परिवार उनसे मिलना चाहता है। हमारी समस्या सीधे प्रधानमंत्री सुनेंगे तो कुछ न कुछ रास्ता जरूर निकलेगा।

■ आदिवासी होने का किसी तरह का कोई लाभ नहीं मिल रहा जोगी परिवार को



### काम की तलाश में जोगी गया बैंगलुरू

सभा स्थल से लगभग आधे किमी दूर जोगी का घर है, हरिभूमि ने जोगी परिवार से मुलाकात की। घर में गत वर्ष जोगी बने दौलत नाग के बारे में पुछने पर उनकी मां सुलो नाग और दादी सुदनी जो इमली फोड़ रही थी, ने कहा कि पत्नी और बच्चे के साथ दौलत काम में बैंगलुरू (कर्नाटक) गया है। उनके पति भगत जोगी भी दूसरे गांव मांदलापाल गए थे। थोड़ी देर में जोगी भगत के बड़े भाई डमरू नाग पहुंचे। उन्होंने बताया कि करीब 30 साल से मैं अपने दोनों भाई भगत और रघु जो दशहरा में जोगी बनते हैं उनके साथ जगदलपुर जाता हूं और पूरे 9 दिन सिरहासार में जोगी बिठाई से लेकर जोगी उठाई तक होने वाले सभी पूजा पाठ और रस्मों को निभाता हूं। पुजारी का काम सालों से करते आ रहा हूं।



### वनभूमि पट्टे के लिए एसडीएम के पास आवेदन

पुजारी डमरू नाग ने बताया कि हमारे दो भाई का परिवार एक-एक साल के अंतराल में जोगी बनकर बैठते हैं। एक-एक एकड़ जमीन दोनों भाई को मिला है, लेकिन पट्टा केवल एक एकड़ का दिया गया है। दूसरे एकड़ के पट्टे के लिए एसडीएम कार्यालय बस्तर में आवेदन दिया गया है लेकिन अभी तक कोई भी सुनवाई या समाधान नहीं हुआ है।

### दादा-परदादा के समय से जाति में लिखा है जोगी

डमरू नाग ने 1919, 1931-32 और 1938-39 कई दस्तावेज दिखाए, जिसमें 100 साल पहले से राजा से मिली जोगी की पदवी को जाति बना दिया गया है। यही कारण है कि हल्बा जाति का आदिवासी होने के बाद भी पिछड़ा वर्ग बना दिया गया है। ऐसी स्थिति में परिवार की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है न ही जोगी बनने का कोई मानदेय शासन से मिलता है केवल 9 दिन तक निराहार रहकर तपस्या करने के दौरान दान दक्षिणा के अलावा टेम्पल कमेटी से 15 हजार रुपये रुसुम के रूप में मिला है। पहले एक हजार से बढ़ते हुए इस साल 15 हजार किया गया है। उन्होंने अन्य सेवादारों की तरह शासन से मासिक मानदेय की उम्मीद जताई है।

# 17 लाख के इनामी 5 नक्सलियों ने किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



सुकमा में पिछले 24 घंटे के अंतराल में एक महिला समेत पांच नक्सलियों ने समर्पण कर दिया। समर्पित नकसलियों में 8-8 लाख के इनामी महिला डिप्टी कमाण्डर व छात्र संगठन इंचार्ज भी शामिल है। समर्पित नक्सली ताड़मेटला, बुरकापाल व मिनपा समेत कई बड़े मुठभेड़ में शामिल रहे हैं। शुक्रवार को दक्षिण बस्तर डिवीजन में सक्रिय 2 हार्ड कोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। जिन पर छग शासन द्वारा 8-8 लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था।समर्पित पुरुष नक्सली कलमू प्रकाश उर्फ सन्नु दक्षिण बस्तर डिवीजन व्यापक जनता/अग्र संगठन/छात्र संगठन इंचार्ज (डीवीसीएम) के पद पर एवं महिला नक्सली पेड़कम रीता दक्षिण बस्तर पीएलजीए बटालियन नंबर 1, कंपनी नंबर 2 व प्लाटून नंबर 1 सेक्शन बी डिप्टी कमाण्डर (पीपीसीएम) के पद पर सक्रिय रही है। दोनों नक्सलियों ने छग शासन की नक्सलवाद उन्मूलन नीति तथा सुकमा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे पूना नर्कोम अभियान नई सुबह-नई शुरूआत से प्रभावित होकर एवं अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार सुरक्षा कैम्प स्थापित किए जाने से आत्मसमर्पण किया। दोनों हार्डकोर नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित कराने में जिला बल, डीआरजी सुकमा व 212 बटालियन सीआरपीएफ का विशेष प्रयास रहा। इसके अलावा वहीं सुकमा जिले में गुरुवार को तीन सक्रिय नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए।

### सहायता राशि व अन्य सुविधाएं दी जाएगी

समर्पित नक्सलियों में 1 लाख का इनामी किस्टाराम थाना क्षेत्र के ग्राम मेटागुड़ा निवासी 28 वर्षीय माड़वी जगरू उर्फ जगदीश पालाचलमा आरपीसी सीएनएम अध्यक्ष के अलावा ग्राम मेट्टागुड़ा निवासी 23 वर्षीय माड़वी देवा आरपीसी मिलिशिया सदस्य व ग्राम बुर्कलंका निवासी 30 वर्षीय जिलकट्टम गंगा आरपीसी सीएनएम सदस्य शामिल है। समर्पित सभी नक्सलियों को शासन की नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधाएं दी जाएगी।
















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com